सूर्योदय 5:52 सूर्यास्त 6:50
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 33.0
न्यूनतम 24.2

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-19520/19-21
मूल्य 1/-

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
सम्पर्क सूत्र: (कार्यालय) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-233 | मंगलवार 24 अगस्त, 2021 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-द्वितीया, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

वक्त से लड़कर जो नसीब बदल दे,
इंसान वही जो तकदीर बदल दे,
कल क्या होगा, कभी न सोचो,
क्या पता कल वक्त खुद
अपनी तस्वीर ही बदल दे।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है

महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के लिए सपा कटिबद्ध : अखिलेश यादव

देखना यह है कि महिलाएं सपा को कितनी अहमियत देती हैं?.....

असली मुठभेड़ में पुलिस फेल, बदमाश ने बनाई पुलिस की रेल

मुजफ्फरनगर, २३ अगस्त (बु.)। बड़े–बड़े बदमाशों को मुठभेड़ में लंगड़ा कर वाहवाही लूटने वाली पुलिस आज शातिर बदमाश की सटीक सूचना के बाद भी फेल हो गई। शातिर बदमाश एक पुलिस कान्स्टेबल को अपनी कार से टक्कर मारकर पुलिस पर फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गया। घंटो तक पूरे जनपद की नाकेबंदी करने के बावजूद पुलिस बदमाश और उसके साथियों का पता तक नहीं लगा सकी। बदमाश द्वारा कार की टक्कर से घायल किए गए सिपाही को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। मामूली मुठभेड़ की घटनाओं को भी प्रसारित कर वाहवाही लूटने वाली पुलिस इस घटना को छुपाती रही। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपा थाना क्षेत्र के गांव ककराला निवासी गौरव शातिर अपराधी है वर्तमान में वह जनपद पुलिस की पकड़ से बाहर है। आज पुलिस को सूचना मिली थी कि शातिर अपराधी गौरव ककराला अपने साथियों के साथ कार में सवार होकर शामली की ओर से मुजफ्फरनगर की ओर आ रहा है। सूचना मिली थी कि उक्त बदमाश कोई बड़ी वारदात करने वाले हैं। यह सूचना मिलने के बाद शहर कोतवाली पुलिस ने बुढाना मोड़ पर नाकेबंदी कर चेकिंग अभियान चला दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर कोतवाली में तैनात कांस्टेबल प्रेमचंद शर्मा व अन्य पुलिसकर्मियों ने जब शामली की ओर से आई बताई गई कार रोकने का प्रयास किया, तो कार चालक ने पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ा दी कार की टक्कर लगने से कान्स्टेबल प्रेमचंद शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में कार को रिवर्स करते हुए पुलिस पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से पुलिस टीम में अफरा–तफरी मच गई। जब तक पुलिस टीम संभल पाती बदमाश फायरिंग करते हुए मौके से भाग निकले। बदमाशों की तलाश में पूरे जनपद की नाकेबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया गया, लेकिन देर रात तक भी पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ पाई थी।

डायल–112 की गाड़ी पर बैठकर खींचा गया फोटो वायरल

भोपा, २३ अगस्त (बु.)। सोशल मीडिया पर सोमवार को एक युवक का फोटो वायरल होने से हड़कंप मच गया। दरअसल, युवक ने डायल–११२ की गाड़ी के बोनट पर बैठकर फोटो खिंचवाया गया था। फोटो खिंचवाने वाला युवक गांव रुड़कली निवासी बताया जा रहा है। वहीं, उक्त फोटो भी करीब ढाई माह पुराना बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किसान आन्दोलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिए कड़े निर्देश

नई दिल्ली, 23 अगस्त (नेट)। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलनकारी किसानों के प्रदर्शन के चलते आवाजाही के लिए बंद की गई सड़कों की समस्या का समाधान ढूंढे। अदालत ने यह निर्देश नोएडा के एक निवासी की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में नोएडा से दिल्ली का मार्ग खाली रखना सुनिश्चित करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना है कि नोएडा से दिल्ली को जोड़ने वाली सड़कें किसान आंदोलन की वजह से बंद हैं और इसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन्हें तत्काल खोला जाना चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर अब तक सड़कें बंद क्यों हैं। प्रदर्शन करने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन सड़कें बंद नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार और तीन संबंधित राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि वे समन्वय स्थापित करें और रोड ब्लॉक को खत्म कराने का प्रयास करें। कोर्ट ने कहा, 'समाधान केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों के हाथ में है। किसी भी कारण से सड़कों को बंद नहीं किया जाना चाहिए। मसले के समाधान के लिए केंद्र को समय दिया जाता है। वह इस मसले का समाधान करे और हमें रिपोर्ट सौंपे।'

सिसौली नरेश टिकैत के शब्दों में आई नरमी, बोले कागज पे माफी लिखलो और अखबार में कढ़वा दो

मुजफ्फरनगर, २३ अगस्त (बु.)। भाकियू सुप्रीमों नरेश टिकैत के बोल में उस समय नरमी दिखाई पड़ी, जब वे फुगाना क्षेत्र के ग्राम सरनावली में गठवाला खाप के तीनों थाम्बेदारों की मौजूदगी में पंचायत कर रहे थे। यूं तो नरेश टिकैत ने पंचायत को काफी देर तक सम्बोधित किया, मगर सम्बोधन के दौरान नरेश टिकैत की भाषा में नरमी दिखाई दी। उसी नरमी के चलते भाकियू अध्यक्ष ने कहा कि कोई भूलचूक हो गयी हो, तो हम अपनी बात उल्टी हटाली और कोरा कागज लाकर उसपर साइन करालो, माफी मंगवालो और उसको अखबार में कढ़वा लो। अगर हमारी बात किसी को महसूस होगी, तो हम अपने सारे शब्द वापस लेते हैं, वे भी हमारे परिवार का हिस्सा है। बिना नाम लिये उक्त सम्बोधन नरेश टिकैत ने विधायक उमेश मलिक और सांसद संजीव बालियान की तरफ इशारा करते हुए कहे। ज्ञात रहे कि पिछले कई दिनों से सरकार व भाकियू नेताओं में आये दिन मुंह जबानी जंग के साथ–साथ सिसौली में विधायक पर हमले की घटना को भी अंजाम दिया गया था। उसके बाद भी भाकियू सुप्रीमो ने सांसद संजीव बालियान को धमकी दे डाली थी कि यदि एक भी शब्द उन्होंने बोला, तो सिसौली की जमीन पर पैर नहीं रखने देंगे, मगर इसका संज्ञान लेते हुए गठवाला खाप ने भी भाकियू सुप्रीमो को साफ कह दिया था कि

यदि नरेश टिकैत की भाषा में सुधार ना हुआ, तो वे ५ सितम्बर की जीआईसी मैदान की होने वाली पंचायत में कतई भाग नहीं लेंगे। उसके बाद अब फुगाना के सरनावली पंचायत में नरेश टिकैत की भाषा में वास्तव में नरमी दिखाई दी। नरेश टिकैत द्वारा कहे गये नरमी भरे शब्दों से लग रहा है कि अब गठवाला खाप की नाराजगी काम आती दिखाई देगी और भाकियू सुप्रीमो जल्द ही अपनी कही गई बातों की गलती स्वीकार कर लेंगे। ज्ञात रहे कि सिसौली में विधायक उमेश मलिक के साथ हुई शर्मनाक घटना के बाद संजीव बालियान ने भी यही शब्द कहे थे कि जो उन्हें कहना है, कह लें, वहां भी खून हमारा ही है। आज वही शब्द नरेश टिकैत के मुंह से ही निकलते दिखाई दिये कि वह भी हमारा ही परिवार है। दोनों ओर की इस भाषा से साफ दिखाई पड़ रहा है कि अब जल्द ही विधायक उमेश मलिक के मामले में भाकियू व भाजपा में अन्दरखाने समझौता होता दिखाई देगा और दोनों एक दूसरे पर कोई टीका–टिप्पणी नहीं करेंगे।

हिमाचल को नहीं पता : कोरोना महामारी कब आयी ? सुप्रीम कोर्ट ने लगाया जुर्माना

नयी दिल्ली, 23 अगस्त (वार्ता) हिमाचल प्रदेश के सरकारी वकील को नहीं पता कि कोरोना की पहली लहर देश में कब आयी थी। राज्य सरकार की ओर से अपील दायर करने में करीब दो साल की देरी और वकील के जवाब से खिन्न उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की खंडपीठ ने एक आपराधिक मामले में राज्य सरकार की ओर से अपील दायर करने में 636 दिन की देरी को लेकर गहरी नाराजगी जतायी और सरकारी वकील के जवाब से खिन्न होकर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

कल्याण सिंह के पैत्रक गांव मंडोली में अंतिम दर्शन करते योगी आदित्यनाथ व श्रद्धांजलि देते राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व अंतिम संस्कार में शामिल होते रुपेन्द्र सैनी व अन्य।

करंट लगने से दो बच्चों की मौतें

जानसठ में ई–रिक्शा की बैट्री चार्ज करते समय करंट लगने से किशोर की मौत

जानसठ, २३ अगस्त (बु.)। जानसठ थाना क्षेत्र के गांव बसायच में ई–रिक्शा की बैटरी चार्जिंग लगाते समय १४ वर्षीय किशोर को जोरदार करंट का झटका लग गया, जिससे किशोर जमीन पर नीचे गिर गया। परिजनों ने तुरंत सीएचसी जानसठ में लाकर भर्ती कराया। डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार गत रात्रि जानसठ थाना क्षेत्र के गांव बसायच में आर्यन (१४ वर्षीय) की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। रविवार की शाम किशोर का पिता रोज की तरह रविवार को अपने घर पर ई–रिक्शा खड़ी करके पड़ौस में बैठ गया। ई–रिक्शा बैटरी चार्जिंग पर लगाते हुए अचानक से करंट लगने के कारण आर्यन करंट की चपेट में आ गया। परिजनों ने घर आकर देखा, तो आर्यन जमीन पर पड़ा हुआ मिला, तभी उसे परिजन सीएचसी जानसठ ले गए, जिसको देखते हुए डॉक्टरों ने आर्यन को मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार को परिजनों ने किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया।

मोबाइल चार्जर का टूटा तार जोड़ते समय करंट लगने से बालक की मौत

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मदीना चौक पर मोबाइल चार्ज करने के लिये चार्जर का टूटा तार जोड़ते समय विद्युत करंट की चपेट में आकर एक मासूम बालक की मौत हो गई। बालक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दोपहर मदीना चौक निवासी 12 वर्षीय सुहैल पुत्र अहसान अपने पिता को मोबाइल फोन चार्ज करने के लिये चार्जर का टूटा तार जोड़ रहा था। तार जोड़ने से पहले उसने चार्जर को प्लग में लगा दिया था। तार जोड़ते समय वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवा कर मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

कल्याण सिंह का गंगा के बांसी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

बुलंदशहर, 23 अगस्त (वार्ता) राम मंदिर आंदोलन के नायक उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे कल्याण सिंह का आज अपराह्न गंगा किनारे नरोरा स्थित बांसी घाट पर गमगीन माहौल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

अंतिम संस्कार से पूर्व गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और पूरा क्षेत्र कल्याण सिंह अमर रहे, राम भक्त कल्याण सिंह अमर रहे के नारों से गूंज उठा। पूर्व घोषणा के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का शव अलीगढ़ से, उनके पैतृक गांव मंडोली होता हुआ गंगा किनारे बसे नरोरा लाया गया जहां उनको अंतिम विदाई देने के लिए हजारों की संख्या में उनके समर्थक कार्यकर्ता देश व प्रदेश के मंत्री भाजपा पदाधिकारी, सांसद, विधायक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के झंडे में लिपटे उनके शव पर, राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी लिपटा था। अलीगढ़ से नरोरा तक पूरे रास्ते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह शव वाहन के पीछे कार से चलते रहे। जैसे ही श्री सिंह का पार्थिव देह नरोरा स्थित बांसी घाट पहुंचा, वहां मौजूद लोगों ने जननायक कल्याण सिंह अमर रहे, राम भक्त कल्याण सिंह अमर रहे, जैसे नारे लगाने शुरू कर दिए और कार्यकर्ताओं में उनके शव पर पुष्पांजलि अर्पित करने की होड़ लग, गई।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के शव पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर किरन पालसिंह, प्रदेश के राज्य मंत्री अनिल शर्मा, कैबिनेट मंत्री डॉ महेंद्र सिंह, आशुतोष टंडन राज्यमंत्री, गिरीश यादव, रामनरेश अग्निहोत्री, रमाशंकर पटेल उपेंद्र तिवारी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, बीएल वर्मा, एसपी सिंह बघेल, डॉ महेंद्र नाथ पांडे, बुलंदशहर की सांसद और कल्याण सिंह के करीबी डॉ भोला सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद् के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य दिनेश जी समेत भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल सिसोदिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनोज गर्ग, विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, भाजपा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने बाबूजी को पुष्पांजलि अर्पित की पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व केंद्र मंत्री उमा भारती, कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं मुजफ्फरनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष व पिछड़ा वर्ग क्षेत्रीय महामंत्री रुपेन्द्र सैनी शामिल रहे। राजकीय सम्मान के तहत पूर्व मुख्यमंत्री को गॉड ऑफ ऑनर पेश किया। पुलिस की टुकड़ी ने मातमी धुन बजाकर जन प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की वेद प्रचारक मेरठ मंडल के अधिष्ठाता रणधीर शास्त्री और गुरुकुल ब्रह्मप्रकाश आश्रम के वेद पाठी पुरोहितों की टीम ने विधि विधान से अंतिम ससकार की विधि पूरी करायी। मुखाग्नि उनके सांसद बेटे राजवीर सिह ने दी। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पौत्र व योगी सरकार में राज्य मंत्री संदीप कुमार समेत उनके परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह सभी व्यवस्थाओं की देख रहे करते नजर आए जिला प्रशासन ने पूर्व मुख्यमंत्री के शव को रखने के लिए बासी घाट स्थित बच्चा पार्क में ढाई फुट ऊंचा 24 बाई 24 का पक्का शवस्थल, बनवाया था, जिस पर बाबूजी के पार्थिव शरीर को रखा गया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी हजारों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता बाबूजी के समर्थक मौजूद रहे और सभी ने नम आंखों से बाबूजी को अंतिम विदाई दी। श्री सिंह के पार्थिव शरीर को चार बजकर पांच मिनट पर मुखाग्नि दी गई। पंचतत्व में विलीन करने के लिए एक कुंतल सामग्री 40 किलो देशी घी 21 किलो चंदन एक कुंतल आम व पीपल की लकड़ी का प्रयोग किया गया है।

अयोध्या समेत पांच जिलों में होंगे 'कल्याण सिंह मार्ग'

लखनऊ, 23 अगस्त (वार्ता) अयोध्या में भव्य राम मंदिर देखने का सपना लेकर दुनिया को अलविदा कहने वाले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नाम पर रामनगरी समेत पांच जिलों में सड़क का नामकरण किया जायेगा। सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को ट्वीट कर कहा '' राम भक्त स्वर्गीय कल्याण सिंह बाबू जी के नाम लोक निर्माण विभाग अयोध्या अलीगढ़, एटा, बुलंदशहर और प्रयागराज में एक एक मार्ग के नाम होगा। बाबू जी ने राम मंदिर के लिए सत्ता छोड़ दी परंतु कारसेवकों पर गोली नहीं चलाई। अधिकारियों को जल्द प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश।'' श्री मौर्य ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर तक जाने वाले सड़क का नाम कल्याण सिंह मार्ग रखा जायेगा। इस सिलसिले में लोक निर्माण विभाग को औपचारिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दे दिये गये हैं। श्री सिंह राम भक्तों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। उनका निधन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिये अपूरणीय क्षति है। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री कल्याण सिंह का शनिवार देर शाम लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। आज उनका अंतिम संस्कार अलीगढ़ के अतरौली में नरौरा घाट पर किया जा रहा है।

मरीज की मौत को लेकर नर्सिंग होम में हंगामा

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव शिकारपुर निवासी रोशन को उसके परिजनों ने चार दिन पूर्व हृदय रोग से संबंधित समस्या होने पर बालाजी चौक स्थित नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। रविवार रात अचानक रोशन की तबीयत बिगड़ने लगी और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। मरीज की मौत होने पर परिजनों ने नर्सिंग होम में हंगामा शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि मरीज को भर्ती कराते समय नर्सिंग होम में 80 हजार रुपये जमा कराए गए थे, लेकिन कोई डॉक्टर तीन दिन तक उसे देखने तक नहीं आया। यहां तक कि रविवार को जब रोशन की हालत बिगड़ी, तब भी नर्सिंग होम के डॉक्टर या कर्मचारी उसे देखने नहीं पहुंचे। यही नहीं, रात करीब आठ बजे हुई मौत की सूचना उन्हें देर रात दस बजे दी गई। हंगामे की सूचना पर सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा–बुझाकर शांत किया। देर रात पूर्व राज्यमंत्री योगराज सिंह भी नर्सिंग होम में पहुंचे, जिसके बाद दोनों पक्षों में वार्ता कराई गई, जिसमें उनके बीच समझौता हो गया। इसके बाद पीड़ित परिजन शव लेकर गांव लौट गए।

श्रीनगर में मुठभेड़ में लश्कर कमांडर सहित दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर ,23 अगस्त (वार्ता) जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गये। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर के अलोची बाग में आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान लश्कर के कमांडर अब्बास शेख और एक अन्य आतंकवादी साकिब मंजूर डार के रूप में की गयी है।

सड़क के बीच टूटकर गिरा जर्जर विद्युत तार युवक की बाइक में उलझा

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। विद्युत विभाग की लापरवाही के नतीजे आए दिन सामने आते रहते हैं। कभी विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते लाइनमैन की मौत हो जाती है तो कभी किसी खम्भे में करंट तो कभी ट्रांसफॉर्मरों का फुंकना यह सब विद्युत विभाग के लिए आम बात हो चुकी है, मगर आज खालापार में विद्युत लाइन का जर्जर तार एकाएक सड़क के बीच में टूटकर आ गिरा और जैसे ही बिजली का तार टूटकर नीचे गिरा तो एक बाइक सवार युवक की बाइक में पूरी तरह से उलझ गया। एकाएक यह दृश्य जब लोगों ने देखा तो लोगों के मुंह से शोर निकल पड़ा कि हाय मर गया। मगर गनीमत यह रही कि युवक उक्त तार से करंट की चपेट में नहीं आया। बताया जाता है कि जिस समय तार टूटकर गिरा तो लाइन में करंट नहीं था। माना जा रहा है कि उस समय क्षेत्र की बिजली गायब थी। उक्त घटना की सूचना तुरन्त पुलिस को दी गयी तो मौके पर आमजन व पुलिस की भीड़ लग गयी। बाद में तारों से लिपटी बाइक को उठाया गया और विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी गयी कि जब तक बाइक उलझे तारों ने न निकाल ली जाए तब तक लाइन में करंट न छोड़ा जाए। उक्त घटना के प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि जिस समय उक्त घटना हुईतो देखने वाले वहीं के वहीं सन्न रह गए कि आखिर उक्त युवक बच कैसे गया और विद्युत विभाग की लापरवाही आखिर लोग कब तक यूं ही बर्दाश्त करते रहेंगे। जिले का विद्युत विभाग जर्जर तारों को स्वयं चेक कर बदलवाता क्यों नहीं।

एचयूआईडी कानून के विरोध में सर्राफा बाजार बंद कर किया प्रदर्शन

❑जिला सराफा एसोसिएशन ने सिटी मजिस्ट्रेट को केंद्रीय मंत्री के नाम दिया ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, २३ अगस्त (बु.)। एचयूआईडी कानून के विरोध में सोमवार को शहर से लेकर देहात का सर्राफा बाजार बंद रहा। सर्राफा कारोबारियों ने प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को केंद्रीय मंत्री के नाम ज्ञापन देकर इस कानून को वापस लेने की मांग की। कानून वापस ना होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई। देश व्यापी आह्वान पर एचयूआईडी कानून के विरोध में शहर का सर्राफा बाजार सोमवार को पूरी तरह बंद रहा। सभी व्यापारियों ने दुकानें बंद कर अपनी नाराजगी जताई। व्यापारियों का कहना था कि स्वर्ण आभूषण पर अनिवार्य होल मार्किंग का कानून हम स्वागत करते हैं, लेकिन एचयूआईडी कानून उन्हें कतई स्वीकार नहीं है। यह व्यापारियों और उपभोक्ता दोनों के हित में नहीं है। व्यापारी नेता राहुल वर्मा ने कहा कि व्यापारियों ने आज एचयूआईडी कानून के खिलाफ सांकेतिक बाजार बंद किया है। इसके बाद देश भर में बड़ा आंदोलन किया जायेगा। बाद में सर्राफ कारोबारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन किया। सिटी मजिस्ट्रेट को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के नाम ज्ञापन दिया। जिला सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री स्वराज वर्मा ने बताया कि ज्ञापन में कहा गया है कि ज्वेलर्स को किसी तरह की लाइसेंस प्रणाली स्वीकार नहीं है। एचयूआईडी कानून को वापस लेने, बीआईएस एक्ट से सजा का प्रावधान हटाने, ज्वेलर्स के स्टॉक की जब्ती का प्रावधान खत्म करने और पुराने डिक्लरेशन सम्बंधी शर्त वापस लेने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय स्वरूप बंसल अज्जू, पवन वर्मा, प्रदीप वर्मा, चमन लाल, संजीव कुमार, रमेश चंद, अशोक कुमार सुंदर कुमार, मुरारीलाल देवेंद्र, सतीश चंद्र आदि शामिल रहे।

नोएडा में 12वीं मंजिल से गिरकर बच्चे की मौत

नोएडा, 23 अगस्त (नेट)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित कासा ग्रीन-1 सोसाइटी में अपने पहले जन्मदिन के दिन एक वर्ष के मासूम बच्चे की 12वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। बच्चा सीढ़ियों पर बनी ग्रिल में नीचे खाली हिस्से से गिरकर सीधे बेसमेंट में जा गिरा। हादसे के बाद जन्मदिन के खुशी का माहौल गम में तब्दील हो गया। बच्चे की मौत के बाद सोसाइटी के लोग भी स्तब्ध रह गए। सोसाइटी के टॉवर ए-1 के फ्लैट नंबर 1206 निवासी प्रापर्टी डीलर सत्येंद्र कसाना अपने परिवार के साथ रहते हैं। यह फ्लैट 12वीं मंजिल पर है। सोमवार को उनके इकलौते बेटे रिवान का पहला जन्मदिन था। शाम के समय सभी लोग जन्मदिन की तैयारी में जुटे थे। परिवार में कुछ रिश्तेदार भी आए हुए थे। इस दौरान फ्लैट का खुला दरवाजा देखकर रिवान खेलते हुए घुटने के बल फ्लैट से बाहर आ गया। वह सीढ़ियों की तरफ चला गया और वहां पर लगी ग्रिल के बीच बनी जगह से बेसमेंट में नीचे आ गिरा। जैसे ही बच्चे के घर में न होने की जानकारी मिली तो परिवार और रिश्तेदार उसे ढूंढने लगे। इस दौरान बेसमेंट में देखने पर बच्चे के गिरने की जानकारी मिली। परिजन रिवान को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित यथार्थ अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, सोसाइटी निवासियों ने ही बिसरख कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मासूम की मौत के बाद स्वजन उसका शव लेकर गाजियाबाद के लिए चले गए। पुलिस ने सोसाइटी में पहुंचकर लोगों के बयान दर्ज किए हैं। पूछताछ में पता चला है कि मासूम रिवान परिवार की खुशियों का सहारा था। उसकी मौत से स्वजन को सदमा पहुंचा है।

फैक्ट्री मालिक ने अपनी ही फैक्ट्री में फांसी लगाकर की आत्महत्या

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के दक्षिणी कृष्णापुरी में फैक्ट्री मालिक ने अपनी फैक्ट्री में खुद को फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। फैक्ट्री मालिक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को घर ले गए। फैक्ट्री मालिक अपने पीछे गर्भवती पत्नी व 4 वर्षीय पुत्र को छोड़ गया है। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिणी कृष्णापुरी निवासी 35 वर्षीय दीपक पुत्र बालकिशन ने अपने घर के पास ही डिस्पोजल दोने पत्तल बनाने की फैक्ट्री लगाई हुई थी। आज दोपहर दीपक ने अपनी फैक्ट्री में ही खुद को फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फैक्ट्री मालिक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया गया कि मृतक के 4 वर्ष का पुत्र है और उसकी पत्नी 4 माह की गर्भवती है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

अब गवाहों को मिलेगी पुलिस सुरक्षा

–शासन ने साक्षी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन कर जारी किए निर्देश

शामली/कैराना, २३ अगस्त (बु.)। प्रदेश शासन द्वारा गंभीर अपराधों में गवाह की जानमाल की सुरक्षा के लिए साक्षी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन कर गवाहों को सुरक्षा मुहैया कराए के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में थानों में बाकायदा बोर्ड भी लगाए गए हैं। सोमवार को गढ़ीपुख्ता थाना प्रभारी ने पुलिसकर्मियों को शासन के दिशा निर्देशों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिन गवाहों को खतरा महसूस हो रहा है, तो इस संबंध में सुरक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार मृत्युदंड, आजीवन कारावास या सात साल के अधिक के कारावास तथा धारा ३५४, ३५४ए, ३५४बी, ३५४सी, ३५४डी तथा ५०६ भादवि की विवेचना के दौरान किसी गवाह या वादी को किसी भी प्रकार के खतरे की आशंका को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा जनपद स्तर पर साक्षी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन कर गवाहों को निभएॅक होकर बिना किसी डर के न्यायालय में अभियुक्तों के खिलाफ गवाही देने हेतु जनपद स्तर पर जिला जज की अध्यक्षता में साक्षी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया है, जिसमें अध्यक्ष जिला जज, जिलाधिकारी सदस्य सचिव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदस्य नामित किए गए हैं। इस संबंध में साक्षी सुरक्षा योजना से संबंतधित बोर्ड भी थानों में लगाए गए हैं। सोमवार को गढ़ीपुख्ता थाना प्रभारी महावीर सिंह ने पुलिसकर्मियों को साक्षी सुरक्षा योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी अपराध में गवाह अथवा वादी को अभियुक्तों द्वारा किसी भी प्रकार की धमकियां आदि दी जा रही है या उन्हें अपने जानमाल का खतरा महसूस हो रहा है, तो वह सीओ, थाना प्रभारी सहित संबंधित अधिकारी को सूचना देकर सुरक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं। महावीर सिंह ने बताया कि पुलिस गवाहों को हर हाल में सुरक्षा प्रदान करेगी।

बेलड़ा में जाहरवीर की म्हाड़ी पर श्रद्धालुओं ने चढ़ाए निशान

भोपा, २३ अगस्त (बु.)। गांव बेलड़ा स्थित म्हाड़ी की व्यवस्था देखने वाले गांव के ही अमित भगत जी, संत कुमार, संदीप, टीटू, छोटा शीशपाल, बाबू, बाली आदि ने बताया कि बेलड़ा में पिछले काफी वर्षों से जाहरवीर गोगा की म्हाड़ी पर मेला लगता चला आ रहा है। इस व्यवस्था की देख रेख में उनकी तीसरी पीढ़ी चल रही है। सोमवार को जाहरवीर गोगा की म्हाड़ी पर मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरीश राठी उर्फ बब्बू द्वारा किया गया। सोमवार को बेलड़ा ही नहीं बेहड़ा थू, धीराहेड़ी, निरगाजनी, सीकरी सिकंदरपुर, रहमतपुर, गड़वाड़ा, अथाई, यूसुफपुर आदि गांव से काफी संख्या में श्रद्धालु म्हाड़ी पर निशान, छड़ी चढ़ाने के लिए पहुंचे। यहां मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी की। मेले में दुकान लगाने वालों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस को सख्त रवैया अपनाना पड़ा, जिसके चलते आधे से अधिक दुकानदार वापस लौट गये थे।

शासकीय अवकाश के कारण बंद रहे सरकारी कार्यालय

शामली, २३ अगस्त (बु.)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन के चलते सोमवार को शासकीय अवकाश के कारण सभी सरकारी कार्यालय में अवकाश रहा। इस दौरान कलेक्ट्रेट सहित बैंक, राजकीय चिकित्सालय सहित सरकारी कार्यालय बंद रहे। इस दौरान लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। बैंकों के न खुलने से लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा, वहीं कलेक्ट्रेट में भी इक्का दुक्का लोग ही नजर आए। जानकारी के अनुसार विगत दिवस प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का निधन होने के चलते प्रदेश सरकार द्वारा तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गयी थी, वहीं सोमवार को शासकीय अवकाश घोषित कर दिया गया था। डीएम जसजीत कौर ने भी सभी सरकारी कार्यालयों में शासकीय अवकाश घोषित किया था। सोमवार को सभी सरकारी कार्यालय पूरी तरह बंद रहे। कलेक्ट्रेट परिसर भी पूरी तरह सुनसान पड़ा रहा, केवल इक्का दुक्का लोग ही नजर आए। अधिवक्ताओं के चैंबर पर भी ताले लटके रहे, जिन लोगों को अवकाश की जानकारी नहीं थी, वे सुबह के समय कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचने पर अवकाश की जानकारी मिली, जिसके बाद वे वापस लौट गए। वहीं सभी बैंक, राजकीय चिकित्सालय, एलआईसी सहित अन्य सभी कार्यालय भी बंद रहे। दूसरी ओर बैंकों के भी बंद रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोग पैसा निकालने के लिए एटीएम पर पहुंचे, जहां कुछ ही देर बाद पैसा खत्म हो जाने के बाद उन्हें यहां–वहां भटकना पड़ा। वहीं राजकीय चिकित्सालय में भी अवकाश रहने के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

अयोध्या और गोरखपुर जायेंगे अमिताभ

लखनऊ, 23 अगस्त (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ विधान सभा चुनाव लड़ने की घोषणा करने वाले रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर 28 अगस्त को अयोध्या जायेंगे।

प्रतिबंधित मांस के साथ गौतस्कर गिरफ्तार

झिंझाना, २३ अगस्त (बु.)। झिझांना पुलिस ने १२ किलोग्राम प्रतिबंधित मांस के साथ एक गौतस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गौतस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार एसपी के निर्देश पर जनपद पुलिस शराब, नशीले पदार्थों व तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत झिंझाना पुलिस ने सोमवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद एक गौतस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से १२ किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। पूछताछ करने पर गौतस्कर ने अपना नाम मसाला पुत्र अमीर हसन निवासी गांव मंसूरा थाना झिंझाना बताया। पुलिस ने गौतस्कर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

पुलिस के हस्तक्षेप के बाद नवजात के शव को दफनाया

कांधला, 23 अगस्त (बु.)। कस्बे के राजकीय अस्पताल मार्ग पर कब्रिस्तान में मासूम बच्चे के शव को दफनाने को लेकर दो पक्षों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराकर बच्चे के शव को सुपुर्द ए खाक करा दिया। सोमवार को कस्बा निवासी आसिफ की पत्नी ने नवजात शिशु को जन्म दिया था, जिसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने गमगीन माहौल में बच्चे का शव लेकर स्वास्थ्य केन्द्र के निकट स्थित कब्रिस्तान में शव को सुपुर्द ए खाक करने के लिए के लिए पहुंचे थे, मगर तभी सलमानी समाज व मलिक समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने पहुंचकर बच्चे का शव कब्रिस्तान में दफनाने का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया, वहीं दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत किया और मृतक बच्चे का शव कब्रिस्तान में ही सुपुर्द ए खाक कराया। पुलिस की सूझबूझ के चलते विस्फोटक स्थिति होने से बच गई।

खस्ताहाल सड़क पर भरे पानी के बीच से गुजरते वाहन।

सड़कें खस्ताहाल, गडढ़ों में भरा बरसात का पानी

–वाहन चालकों व लोगों को झेलनी पड़ रही परेशानी

शामली, २३ अगस्त (बु.)। शहर की सड़कों के खस्ताहाल होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के साथ–साथ मुख्य मार्गों की सड़कों में भी गहरे–गहरे गड्ढे होने व उनमें बरसात का पानी भरे रहने से वाहन चालकों को भी मुसीबतें झेलनी पड़ रही है, वहीं गाड़ियों को भी नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन अधिकारी इस ओर से पूरी तरह मुंह मोड़े हुए हैं, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार लाखों करोड़ों रुपये की लागत से बनायी गयी सड़कों के खस्ताहाल होने के कारण आम लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के अंदर की सड़कों की हालत तो इतनी खराब हो चुकी है कि उसमें गहरे–गहरे गड्ढे बन गए हैं, बरसात के दिनों में इन गड्ढों में भर जाने से लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मुख्य मार्गों की हालत भी बद से बदतर हो गयी है। चाहे मेरठ–करनाल मार्ग हो या पानीपत–खटीमा मार्ग, गहरे–गहरे गड्ढे लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। पिछले कई दिनों से हो रही बरसात के चलते सड़कों में बने गड्ढों में पानी भर जाने से जहां दुपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, वहीं बड़े वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खस्ताहाल सड़कों के कारण वाहनों को भी नुकसान झेलना पड़ रहा है। शहर के कैराना रोड की हालत इतनी खराब हो गयी है कि वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो गया है, ऊपर से बरसात का पानी गड्ढों में भरा रहने से लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने सडकों के निर्माण व उनकी मरम्मत कराने के निर्देश तो दे रखे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी आदेशों को दरकिनार कर रहे हैं, जिससे लोगों में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।

ससुरालियों पर लगा मारपीट का आरोप

भोपा, २३ अगस्त (बु.)। रक्षाबंधन को ससुराल गए युवक को मामूली बात पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। मुजफ्फरनगर निवासी पप्पू कश्यप रविवार को अपनी ससुराल थाना भोपा के गांव तिस्सा गया था। पप्पू का आरोप है की जैसे ही सोमवार को उसने अपनी पत्नी को अपने साथ ले जाने की बात कही, तो इसी को लेकर ससुरालियों के साथ कहासुनी हो गई और ससुरालियों ने पत्नी को उसके साथ भेजने से इंकार करते हुए उसके साथ गाली–गलौच शुरू कर दी, जब इसका विरोध किया तो उसके साथ लाठी–डंडों से मारपीट की, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

वाहन चोरों पर पुलिस का चाबुक, दस गिरफ्तार

शामली, २३ अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस व थानाभवन पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड करते हुए दस शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर चोरी की बाइकें, तमंचे कारतूस व चाकू भी बरामद किए हैं। उक्त गिरोह दिल्ली, हरियाणा शामली से बाइक चोरी कर उन्हें कबाड़ियों को बेचने का काम करता था। पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार एसपी के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस व थानाभवन ने चैकिंग के दौरान वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड करते हुए दस शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त है। शामली कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान पकड़े गए चोरों ने अपने नाम शाहरुख पुत्र मकसूद निवासी तीतरवाड़ा थाना कैराना, सूरज उर्फ प्रशांत पुत्र अनिल निवासी धीमानपुरा, विशाल भारद्वाज पुत्र सतीश कुमार व सचिन पुत्र चंद्रपाल निवासीगण मौहल्ला दयानंदनगर शामली बताए। पुलिस ने चोरों की निशानदेही पर चोरी की चार बाइकें भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि उक्त गिरोह दिल्ली, हरियाणा व शामली से बाइक चोरी कर उन्हें कबाड़ियों को बेचने का काम करता है। चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। वहीं थानाभवन पुलिस ने भी चोरी की घटनाओं व चोरी में लिप्त अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाते हुए चेकिंग के दौरान ६ बाइक चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की दो बाइकें, तमंचे, कारतूस व चार चाकू भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपितों ने अपने नाम अजय पुत्र प्रताप सिंह, बिट्टू पुत्र कुंवर सिंह निवासीगण गांव यारपुर थाना थानाभवन, कमल पुत्र सतवीर, सोनू पुत्र वीरसैन, किशोर कुमार उर्फ जैकी पुत्र कर्मवीर निवासी खेड़ा गदई व आसू पुत्र सुभाष निवासी मौहल्ला शाह विलायत थानाभवन बताए हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

सावन का समापन, छप्पन भोग के प्रसाद का हुआ वितरण

कैराना, २३ अगस्त (बु.)। सावन के समापन पर नगर के प्राचीन सिद्ध पीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। सोमवार को बाबा बनखंडी महादेव मंदिर कमेटी द्वारा नगर के बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी पितांबर शर्मा ने बताया कि बनखंडी महादेव मंदिर को सावन के समापन पर सुगंधित फूलों के साथ सजाया गया था। इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया है और साथ ही साथ जलाभिषेक भी किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के समापन पर महाआरती का आयोजन किया गया था। इस मौके पर बाबा बनखंडी कमेटी के अध्यक्ष पंडित स्वराज शर्मा, अनिल मित्तल एड., अशोक कुच्छल, अभिषेक गोयल, शगुन मित्तल, राकेश, रवीश कुमार, संजीव गोयल, अमित कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

गांव से ओलंपिक तक खेल प्रतिभाओं को मौके देंगे : अदाना

कांधला, 23 अगस्त (बु.)। भारतीय एथलीट के विशेष कोच कैप्टन अमरीश अदाना ने जसाला स्टेडियम का निरीक्षण कर गांव से ओलम्पिक तक खेल प्रतिभाओं को निखारकर देश का नाम रोशन करने का संकल्प लिया है। जसाला स्टेडियम में क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण दिये जाने की तैयारी शुरू कर दी है, जिसे लेकर युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। सोमवार को भारतीय एथलीट कोच कैप्टन अमरीश अदाना अपनी टीम के साथ खण्ड विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत स्थित इंडोर ग्रामीण स्टेडियम में पहुंचे। पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी विरेन्द्र सिंह सहित क्षेत्र के लोगों ने उनका स्वागत किया। भारतीय एथलीट कोच कैप्टन अमरीश अदाना ने जानकारी देते हुए बताया कि वह एशियन गोल्ड मेडलिस्ट देश की तीनों सेनाओं में एथलीट कोच रहे हैं। 15 एथलीट इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में प्रतिभाग कर चुके हैं। कई वर्षों से भारतीय युवाओं प्रतिभाओं को कोच के रूप में प्रशिक्षण दे रहे हैं। हाल ही में देश की कई प्रतिभाओं ने ओलंपिक में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में जबरदस्त प्रदर्शन कर देश को मेडल दिया है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एथलीट कोचों को देश की प्रतिभाओं को निखारकर आगे बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया, जिसकी खोज के लिये वह आज जसाला स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह उक्त स्टेडियम में क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण देना चाहते हैं, जिससे भटके हुए युवा एथलीट बनकर देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में बहुत टैलेंट है, लेकिन युवा अपने टैलेंट का सही इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। बताया कि महाराष्ट्र निवासी अविनाश एक मजदूर का बेटा है, जिसने ओलम्पिक में नेशनल रिकॉर्ड बनाया है। वह भारत का प्रथम एथलीट है, जिसने नेशनल रिकॉर्ड बनाया है। अवनीश को उन्होंने ही हैदराबाद में प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि जसाला स्टेडियम में युवा प्रतिभाओं को देश के सभी एथलीट गेमों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उनका प्रशिक्षण गांव से ओलम्पिक तक जारी रहेगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जसाला स्टेडियम लगभग 75 बीघा भूमि पर स्थित है। स्टेडियम में 35 लड़कियों व 45 लड़कों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही स्टेडियम में युवाओं व युवतियों के दौड़ने के लिए ट्रेक बनवाया जाएगा। इस दौरान पूर्व प्रधान वकील जंग, रवि चौहान, राजपाल प्रधान, रणवीर सिंह प्रधान सहित आदि मौजूद रहे।

कांधला की मिल्खा सिंह बनी बेटी मुस्कॉन का जोरदार स्वागत

कांधला, 23 अगस्त (बु.)। उत्तर प्रदेश में अंडर 23 में हर्डल दौड़ के दौरान दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली बेटी का कस्बे में पंहुचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कस्बे के विभिन्न संस्थाओं ने छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बालिका की ऐतिहासिक उपलब्धि पर परिजनों सहित मौहल्लावासियों में खुशी का माहौल है। नगर के मौहल्ला रायजादगान के निवासी मुस्लिम राजपूत सलीम राणा 20 वर्षीय बेटी मुस्कॉन बचपन से ही प्रतिभा की धनी है। साधारण परिवार में जन्म लेने के बाद मुस्कॉन ने अपने परिवार अन्य बहन भाईयों के साथ शिक्षा ग्रहण की। शिक्षण कॉल के समय से ही खेल में विशेषकर रूचि होने पर छात्रा ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक शिक्षा प्राप्त करने के साथ ही समय-समय पर कॉलेज व जनपद तथा मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त दर्जनों मेडल प्राप्त किये। परिजनों के मुताबिक मुस्कॉन का खेल क्षेत्र में बढ़ती रूचि देखकर 12वीं कक्षा पास करने के बाद मेरठ जीएसएम कॉलेज में बीटीएस में प्रवेश करा दिया है, जिसमें छात्रा खेल सम्बन्धित विषय की शिक्षा ग्रहण कर रही है। मुस्कॉन की प्रतिभा को देखते हुए उसका चयन अंड़र 23 के लिये किया गया। टीम में चयन होने के बाद 17 से 18 अगस्त को होने वाली खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिये लखनऊ के लिये गई थी। जिसमें मुस्कॉन ने हर्डल दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। छात्रा को शासन के द्वारा पचास हजार की धनराशि का चेक देकर प्रोत्साहन भी किया गया। सोमवार को धावक बेटी मुस्कॉन का कस्बे में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। मौहल्लावासियों ने ढोल नगाडों के साथ बेटी मुस्कान का स्वागत किया। कस्बे की विभिन्न संस्थाओं ने घर पहुंचकर मुस्कान को सम्मानित किया। मुस्कान का कहना है कि वह अब नेशनल की तैयारी कर रही है। बेटी की बड़ी उपलब्धि पर परिवारजनों और कस्बे के लोगों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। इस दौरान सलीम राणा, जाहिद राज, आफताब ठाकुर, अय्यूब ठेकेदार, संजय मित्तल, इकबाल, जिशान राणा, आमिर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

आर्य समाज का वेद प्रचार सप्ताह का शुभारंभ

शामली, २३ अगस्त (बु.)। आर्य समाज मंदिर में श्रावणी पर्व के अवसर पर वेद सप्ताह का शुभारंभ हो गया। वेद प्रचार सप्ताह के प्रथम दिन वैदिक यज्ञ, भजन एवं प्रवचनों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य उपदेशक ने आर्य समाज की महिमा का गुणगान किया। जानकारी के अनुसार सोमवार को आर्य समाज मंदिर में वेद प्रचार सप्ताह का विधिवत शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर प्रातःकाल वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य यज्ञमान आर्य समाज के प्रधान सुभाष आर्य व सदेश आर्य, प्रदीप संगल व बबीता संगल, कालूराम व मोनिका, ललित आर्य व काजल आर्य रहे। यज्ञ के ब्रह्मा आर्य समाज के पुरोहित डॉ. रविदत्त आचार्य रहे। यज्ञ के बाद आर्य समाज के संरक्षक एवं सभी शाखाओं के अध्यक्षों ने संयुक्त से ओइम नाम का ध्वज फहराया। सत्संग भवन में भजनोपदेशक प्रदीप शास्त्री ने तेरी अपार महिमा आदि भजनों से सभी का मार्ग दर्शन किया। दिल्ली से आए आर्य उपदेशक वेद प्रकाश श्रोत्रिय ने कहा कि संसार के सभी मनुष्य देहदारी जीव अल्पज्ञ होने से अविद्या के आवरण में फंसकर राग द्वेष से प्रेरित होकर काम, क्रोध, लोभ, मोह के वशीभूत होकर कार्य करते हैं। इन कर्मों का फल मनुष्य को प्राप्त होता है। जीवात्मा कर्म करने में स्वतंत्र है। ईश्वर उपासना से ही ईश्वरीय बल प्राप्त होता है। ईश्वरीय गुण दुगर्णों, व्यसनों को दूर करता है। ईश्वर के अच्छे गुण, स्वभाव परमात्मा में आ जाते हैं, जिससे सुखों की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम का संचालन आर्य समाज के मंत्री सुभाष धीमान आर्य ने किया।

पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह के निधन पर अधिवक्ताओं ने किया दो मिनट का मौन धारण

बुढ़ाना, २३ अगस्त (बु.)। राजस्थान प्रांत के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह के निधन पर आज सोमवार के दिन बार एसोसिएशन बुढ़ाना के कार्यालय में दर्जनों अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त कर दो मिनट का मौन रखा और छुट्टी की घोषणा की। इस दौरान बार एसोसिएशन बुढ़ाना के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी लाल गर्ग ने कहा कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद टूटने के वक्त कल्याण सिंह मुख्यमंत्री थे और अपनी सरकार गिरने के बाद उन्होंने उसकी जिम्मेदारी लेते हुए सुप्रीम कोर्ट तक में यही कहा था कि इस घटना के लिए वे अकेले जिम्मेदार हैं, लेकिन उनके करीबी रहे कुछ अधिकारियों की अगर मानें तो वह नहीं चाहते थे कि बाबरी मस्जिद को कोई नुकसान हो। माह दिसंबर सन १९६२ को जब तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अर्जुन सिंह लखनऊ आकर उनसे मिले थे, तो कल्याण सिंह ने उन्हें भरोसा दिया था कि अयोध्या में ऐसा कुछ भी नहीं होने दिया जाएगा, जिससे देश के संविधान और सर्वोच्च न्यायालय की मर्यादा भंग हो। इस दौरान कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि देने वाले अधिवक्ताओं में मुख्य रूप से बार के पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, महासचिव विश्वास त्यागी, पूर्व महासचिव ओमपाल मलिक, हरबीर सिंह, अनिल शर्मा, राज कुमार, राहुल कुमार, विपिन कुमार, शिवकरण सिंह आदि मौजूद थे।

पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह युग पुरूष थे : अरविंद त्यागी

मुजफ्फरनगर, २३ अगस्त (बुस.)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी के साथ–साथ ब्लॉक कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख प्रकट किया और अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन से पूरा उत्तर प्रदेश शोक में डूबा हुआ है। उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह युगपुरुष थे। आज समाज का हर वर्ग उनके निधन से दुखी हैं। श्रीराम मंदिर निर्माण में उनकी भूमिका भी अहम रही। ब्लॉक करने पर कार्यकर्ताओं ने २ मिनट का मौन भी रखा। सभी ने कहा कि हम पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बताए हुए मार्ग पर चलें। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी ने भी पूर्व मुख्यमंत्री को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का लोगों से आह्वान किया। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता कर्मचारी एवं शुभचिंतक शामिल रहे।

5 सितम्बर की पंचायत से पूरे देश में जायेगा संदेश

चरथावल, २३ अगस्त (बु.)। ग्राम कुटेसरा में आयोजित पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू युवराज गौरव टिकैत ने कहा कि हरी टोपी हमारे मान सम्मान की प्रतीक है। कोई भी हमारी टोपी के साथ उल्टी–सीधी बातें न करें। हरी टोपी से किसानों की असली पहचान है और किसान इस बार धर्म की अफीम खाकर सरकार ना चुने। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सभी किसान अनुशासन के साथ ५ सितंबर में होने वाली महापंचायत में बड़ी संख्या में पहुंचे। चरथावल ब्लॉक के गांव कुटेसरा में काला प्रधान के घेर में भारतीय किसान यूनियन की ५ सितंबर में होने वाली महापंचायत के लिए समीक्षा पंचायत का आयोजन पूर्व भाकियू जिला संयोजक शाहबाज त्यागी, द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भागीदारी की। वहीं पंचायत में मुख्य अतिथि के तौर पर भाकियू युवराज गौरव टिकैत,पूर्व जिलाध्यक्ष धीरज लाटियान, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष सतेंद्र पुंडीर, पूर्व चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर कुशलवीर ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकियू युवराज गौरव टिकैत ने कहा कि आज चरथावल ब्लॉक की समीक्षा की गई है तथा क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसान महापंचायत में अपने लाव लश्कर के साथ रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि ५ सितंबर की भीड़ यह दिखाएगी कि हम सरकार से कितने खफा हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आयोजित महापंचायत में किसान यह दिखायेंगे कि इस सरकार में उनका कितना शोषण हो रहा है और यदि किसानों के सम्मान पर किसी ने उंगली उठाने का कार्य किया, तो उसकी अंगुली तोड़ दी जायेगी। इस मौके पर धीरज लाटियान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर कुशलवीर, निवर्तमान युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर सत्येंद्र पुंडीर, शाहबाज त्यागी, नय्यूम प्रधान कामिल नेता, ठाकुर भंवर सिंह, काला प्रधान, ठाकुर हरेंद्र सिंह, नवीन त्यागी, आदेश बाबा, ठाकुर शेर पाल सिंह, ठाकुर ऋषि पाल सिंह, नरेंद्र सैनी, ठाकुर सुधीर सिंह, सुशील ठाकुर, रोशन ठाकुर, आस मोहम्मद, अरुण शर्मा मुकेश गर्ग, सचिन त्यागी, तोहिद हसन, एजाज, फुरकान, मुन्ना भाई आलम, सुनील कुमार, दानिश प्रधान, लोकेश चौधरी, राजेंद्र प्रधान, लोकमणि त्यागी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 24 अगस्त, 2021

मेष-परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए अधिक व्यय, कार्य क्षमता व मान सम्मान में वृद्धि, यात्रा सुखद।

वृषभ- दिन शुभ, धमागम का सुयोग, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, बुद्धि का विकास, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, स्थान परिवर्तन।

मिथुन- शुभ भावनाओं का उदय, उन्नति का सुअवसर, अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, सुसंदेश मिलने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।

कर्क- विचारित योजना अधूरी, शंका-कुशंका प्रभावी, कार्यों में विफलता, आय में कमी, किसी बात को लेकर परेशान, शत्रु सक्रिय, मित्रों से तनाव, आवागमन में निराशा।

सिंह- समय अनुकूल, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी वैमनस्यता में कमी की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सुख के साधन उपलब्ध।

कन्या-कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, धर्म के प्रति आस्था, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

तुला-व्यापार में धन निवेश, अधीस्थ सहयोगियों से सहयोग, कार्यक्षमता में वृद्धि, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, आवागमन में अनुकूलता।

वृश्चिक- विविध पक्षों में निराशा, स्वास्थ्य में शिथिलता, किसी बात को लेकर परेशान, अपेक्षित सहयोग का अभाव, यात्रा में परेशानी, विश्वासघात की आशंका।

धनु- किसी योजना पर कार्यारम्भ, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, कुछेक मसला हल हल होने की ओर, मनोरंजन की ओर रुझान, व्यक्तित्व का विकास।

मकर- व्यवसाय में विस्तार, प्रभावशाली हस्तियों से असहयोग, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, कर्ज की निवृत्ति।

कुम्भ-दिनचर्या अनुकूल, जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, बकाए धन की प्राप्ति, यश में वृद्धि।

मीन-परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, जोखिम से नुकसान, कार्यों में विफलता, पारिवारिक शारीरिक कष्ट, किसी से विश्वासघात, स्वजनों से मनमुटाव।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस–२/१–७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी–२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्त

1973-2021

सम्पादक की क़लम से

जातिगत जनगणना

नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव दोनों चाहते हैं कि इस बार की जनगणना में जातिगत आंकड़े भी सामने आएं। जातिगत जनगणना को लेकर बिहार के 10 राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कल दिल्ली में मुलाकात की। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। नीतीश ने कहा कि हमने बिहार की जातियों के सम्बंध में प्रधानमंत्री को जानकारी दी है, उन्होंने हमारी बातों को ध्यान से सुना। प्रधानमंत्री ने जातिगत जनगणना की मांग को नकारा नहीं है। तेजस्वी बोले कि जब पेड़-पौधों की गिनती हो सकती है, तो जातियों की क्यों नहीं, ये राष्ट्रहित में है। देखना यह है कि केन्द्र सरकार इस मामले में क्या फैसला लेती है। देश में पहली बार 1881 में जनगणना हुई थी। पहली बार हुई जनगणना में भी जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। तब से हर 10 साल पर जनगणना होती है। 1931 तक की जनगणना में जातिवार आंकड़े भी जारी होते थे। 1941 की जनगणना में जातिवार आंकड़े जुटाए गए थे, लेकिन इन्हें जारी नहीं किया गया। आज़ादी के बाद सरकार ने सिर्फ़ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की आबादी का डेटा जारी करने का फैसला किया। इसके बाद से बाक़ी जातियों के जातिवार आंकड़े कभी पब्लिश नहीं हुए। आज़ादी के बाद पहली बार 1951 में जनगणना हुई। तब से अब तक हुई सभी 7 जनगणना में एससी और एसटी का जातिगत डेटा पब्लिश होता है, लेकिन बाकी जातियों का डेटा इस तरह पब्लिश नहीं होता। इस तरह का डेटा नहीं होने के कारण देश की ओबीसी आबादी का ठीक-ठीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। वीपी सिंह सरकार ने जिस मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू कर पिछड़ों को आरक्षण दिया, उसने भी 1931 की जनगणना को आधार मानकर देश में ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत मानी थी। चुनाव के दौरान अलग-अलग पार्टियां अपने चुनावी सर्वे और अनुमान के आधार पर इस आंकड़े को कभी थोड़ा कम कभी थोड़ा ज़्यादा करके आंकती रहती हैं। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि देश में एससी और एसटी वर्ग को जो आरक्षण मिलता है, उसका आधार उनकी आबादी है, लेकिन ओबीसी आरक्षण का कोई मौजूदा आधार नहीं है। अगर जातिगत जनगणना होती है, तो इसका एक ठोस आधार होगा। जनगणना के बाद उसकी संख्या के आधार पर आरक्षण को कम या ज़्यादा करना पड़ेगा। इसकी मांग करने वालों का दावा है कि ऐसा होने के बाद पिछड़े-अति पिछड़े वर्ग के लोगों की शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक स्थिति का पता चलेगा। उनकी बेहतरी के लिए मुनासिब नीति निर्धारण हो सकेगा। सही संख्या और हालात की जानकारी के बाद ही उनके लिए वास्तविक कार्यक्रम बनाने में मदद मिलेगी। लगभग हर जनगणना से पहले इस तरह की मांग उठती है। गृह मंत्रालय ने बजट सत्र में राज्यसभा और मानसून सत्र में लोकसभा में इस तरह की जनगणना से इंकार किया है। अपने जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि हर बार की तरह इस बार भी केवल एससी और एसटी कैटेगरी की जातिगत जनगणना होगी। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में सरकार का रुख ऐसा नहीं था। 31 अगस्त 2018 को उस वक़्त के गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने 2021 की जनगणना की तैयारियों पर एक मीटिंग की थी। इस मीटिंग के बाद पीआईबी ने जानकारी दी थी कि इस बार की जनगणना में ओबीसी की गणना के बारे में सोचा जा रहा है। जब भाजपा विपक्ष में थी तब उसके ही नेताओं का रुख कुछ और था। 2011 की जनगणना से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गोपीनाथ मुंडे ने जातिगत जनगणना की मांग की थी। उन्होंने 2010 में संसद में कहा था कि अगर हम 2011 की जनगणना में ओबीसी की गणना नहीं करेंगे, तो हम उन पर अन्याय करेंगे। मंडल कमीशन के बाद की राजनीति में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय दलों का उभार हुआ, खासकर बिहार और उत्तर प्रदेश में। उन दलों ने बिहार में और उत्तर प्रदेश में ओबीसी के मसअले को उठाया और ओबीसी वोटरों का जबर्दस्त समर्थन पाने में सफल रहे। हक़ीक़त में ओबीसी वोटर ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय दलों के प्रमुख समर्थक बन गए। पिछले कुछ चुनावों से ओबीसी वोटरों में भाजपा की लोकप्रियता बढ़ी है। भाजपा उत्तर भारत के अनेक राज्यों में प्रभावी ओबीसी की तुलना में निचले ओबीसी को लुभाने में अधिक सफल रही। भाजपा का जातिगत गणना से कतराने का मुख्य कारण यह डर है कि अगर जातिगत गणना हो जाती है, तो क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को केंद्र सरकार की नौकरियां और शिक्षण संस्थाओं में ओबीसी कोटे में बदलाव के लिए सरकार पर दबाव बनाने का मुद्दा मिल जाएगा, बहुत हद तक संभव है कि ओबीसी की संख्या उन्हें केंद्र की नौकरियों में मिल रहे मौजूदा आरक्षण से कहीं अधिक हो सकती है। यह मंडल-2 जैसी स्थिति उत्पन्न कर सकती है और भाजपा को चुनौती देने का एजेंडा तलाश रहीं क्षेत्रीय पार्टियों को नया जीवन भी। यह डर भी है कि ओबीसी की संख्या भानुमती का पिटारा खोल सकती है, जिसे संभालना मुश्किल हो जाएगा। 2011 की जनगणना के दौरान यूपीए सरकार ने सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना कराई थी। कहा जाता है कि उस वक़्त लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव सरकार पर जातिगत जनगणना का दबाव डाल रहे थे। इसके साथ ही पिछड़ी जाति के कांग्रेस नेता भी ऐसा चाहते थे। कई दौर की मीटिंग के बाद सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का रास्ता निकाला था। इसके लिए 4 हज़ार 389 करोड़ रुपए का बजट पास हुआ। 2016 में कुछ जाति को छोड़कर बाकी डेटा मोदी सरकार ने जारी कर दिया। जातियों का रॉ डेटा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को सौंप दिया गया। जातियों के कैटेगराइजेशन और क्लासिफिकेशन के लिए मंत्रालय ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक कमेटी बना दी। इस कमेटी ने क्या रिपोर्ट बनाई ये पब्लिश भी हुई या नहीं ये भी क्लियर नहीं है। आज तक इससे जुड़ी रिपोर्ट पब्लिश नहीं हुई है।

चार तीर -सुनील 'उत्सव'

'पापा' 'बबुआ' 'सियासी' 'ढोंग'
एक तरफ़ पापा का फ़ोटो एक तरफ़ बबुआ का है,
बीच में वो ख़ुद सजे हैं और ख़ुश भी हो रहे।
इस सियासी ढोंग से क्या वोट मिल जाएंगे जी,
ओछे हथकण्डे हैं यें सब कोई उनको क्या कहे।

राजपाल सैनी सहित सपा में आये नेताओं का जनसभा में स्वागत

राजपाल सैनी का स्वागत करते हुए व जनसभा में उमड़े जन सैलाब का दृश्य। -फोटो बुलेटिन

मुजफ्फरनगर, २३ अगस्त (बु.)। बसपा, भाजपा व कांग्रेस छोड़कर सपा में आये वरिष्ठ नेताओं का सपा कार्यालय मैदान पर आयोजित जनसभा में जोरदार स्वागत किया गया। सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने जानकारी देते हुए बताया कि बसपा के बड़े नेताओं में शुमार पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री राजपाल सैनी उनके पुत्र खतौली विधानसभा के प्रत्याशी रहे शिवान सैनी के स्वागत में आयोजित जनसभा की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट व संचालन महासचिव जिया चौधरी द्वारा किया गया। अपने समर्थकों के साथ भारी जनसमूह के साथ पहुंचे पूर्व सांसद राजपाल सैनी, शिवान सैनी व बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कोर्डिनेटर रामनिवास पाल, कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल उमादत्त शर्मा, अकाली दल से सपा में आये सरदार देवेंद्र सिंह खालसा हरेंद्र पाल का सपा कार्यालय पर आयोजित सभा में जिला संगठन व उनके समर्थकों का जोरदार स्वागत किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने राजपाल सैनी व उनके साथी नेताओ के सपा में आने पर २०२२ में सपा के लिये जिले की चुनावी राजनीति को मजबूत कदम बताते हुए जनपद की सभी सीटों पर सपा के जितने के अभियान में एक बड़ा मजबूत कदम बताया है। पूर्व राज्यसभा सांसद व पूर्व मंत्री राजपाल सैनी ने सम्बोधन में कहा कि भाजपा सहित अन्य दलों में पिछड़ों की वोट लेकर उनको सम्मान व अधिकार न देने के चलते पिछड़े वर्ग के लोग उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। सपा में सभी वर्गों के सम्मान व सभी के अधिकारों के लिए संघर्ष को देखते हुए पिछड़ी जाति के लोग सपा से जुड़कर इस बार अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एकजुट है। पिछड़ों व सर्वसमाज की आवाज सही मंच से बुलन्द करने के लिए उन्होंने सपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। पूर्व मंत्री राजकुमार यादव व पूर्व सपा प्रत्याशी चरथावल मुकेश चौधरी ने पूर्व मंत्री राजपाल सैनी, रामनिवास पाल, उमादत्त शर्मा, देवेंद्र सिंह खालसा व हरेंद्र पाल के सपा में आने के फैसले का स्वागत करते हुए जनपद में सपा के मजबूत जनाधार बढ़ने वाला कदम बताया। पूर्व विधायक अनिल कुमार पूर्व प्रत्याशी राकेश शर्मा ने कहा कि आज मजदूर किसान युवाओं के उत्पीड़न वाली भाजपा सरकार से हर वर्ग के उत्पीड़न व दमन से मुक्ति के लिए सिर्फ सपा सरकार लाना ही एकमात्र विकल्प है तथा इसी विकल्प पर प्रदेश की राजनीति घूम रही है। अन्य दलों से आये मजबूत नेताओं से सपा को चुनाव में बड़ा फायदा होना तय है। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व कई मंडलों के कोर्डिनेटर रहे सपा में शामिल हुए रामनिवास पाल ने कहा कि की भाजपा व अन्य दलों की पिछड़े वर्ग से उपेक्षा उनको बहुत महंगी पड़ेगी। सपा का पिछडो को सम्मान देना व सत्ता में भागीदारी देना कभी किसी से छुपा नहीं है, इसलिए सपा में आकर पिछड़े वर्ग के लोगों को सपा से जोड़ा जाएगा। कांग्रेस को अलविदा कहकर सपा में शामिल उमादत्त शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के खिलाफ जो अत्याचार का अभियान भाजपा की योगी सरकार ने चलाया है, उसका जवाब ब्राह्मण समाज सपा के साथ जुड़कर २०२२ के चुनाव में देने जा रहा है। खतौली विधानसभा के पूर्व बसपा प्रत्याशी रहे शिवान सैनी व अकाली दल के सरदार देवेंद्र सिंह खालसा ने कहा कि किसान मजदूर युवाओं के उत्पीड़न, बढ़ती बेरोजगारी महंगाई देने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ मजबूत लड़ाई केवल सपा लड़ने में सक्षम है। इसलिए वह सपा में आने के बाद २०२२ के चुनाव में सपा की मजबूती के लिए पूरी मेहनत करेंगे। प्रोग्राम के दौरान अनेक सामाजिक संगठन के लोगों द्वारा भी पूर्व सांसद राजपाल सैनी व सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एवमं सपा में शामिल हुए नेताओं का स्वागत किया गया। जनसभा को भाजपा छोड़कर सपा में आये हरेंद्र पाल, वरिष्ठ सपा नेता राशिद सिद्दीकी, अंसार आढ़ती, महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी, सपा नेता मुफ्ती जुल्फिकार, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री महेश बंसल, सपा नेता गौरव जैन, सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन, मेराजुद्दीन तेवड़ा, शौकत अंसारी, ठाकुर सुखपाल, राकेश कश्यप, गोल्डी अहलावत, दीपक गम्भीर, फिरोज अंसारी, अलका शर्मा, बाला किन्नर, सतबीर त्यागी, इरशाद जाट, सरदार जसबीर सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

मारुति सुजुकी पर ठोका 200 करोड़ का जुर्माना

नयी दिल्ली, 23 अगस्त (वार्ता)। भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (सीसीआई) ने डीलरों के ग्राहकों को गाड़ी की खरीद पर छूट देने से रोकने को प्रतिस्पर्द्धा नियमों के विपरीत पाते हुए आज देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड पर 200 करोड़ रुपये जुर्माना ठोका है। कंपनी मामलों के मंत्रालय से सोमवार को जारी आदेश में बताया गया है कि सीसीआई ने अपनी जांच में पाया कि एमएसआईएल अपनी छूट नियंत्रण नीति के तहत डीलरों के साथ के एक करार करती है, जिसके तहत डीलर ग्राहकों को कंपनी द्वारा निर्धारित छूट से अधिक छूट नहीं दे सकते हैं। साथ ही यदि डीलर अपने ग्राहकों को अतिरिक्त छूट देना चाहते हैं तो उसे पहले एमएसआईएल से अनुमति लेनी होगी। सीसीआई ने पाया कि यदि कोई डीलर कंपनी की छूट नियंत्रण नीति का उल्लंघन करता है तो एमएसआईएल न केवल डीलरों बल्कि विक्रय कार्यकारी, रीजनल प्रबंधक, शोरूम प्रबंधक एवं टीम लीडरों पर जुर्माना लगाने की धमकी भी देती है। कंपनी ने अपनी इस नीति को लागू करने के लिए डीलरों की जासूसी भी करवाती है। एमएसआईएल जासूस को ग्राहकों को वाहन खरीद पर अतिरिक्त छूट दिये जाने का पता लगाने के लिए डीलरों के पास ग्राहक बनाकर भेजती है। यदि कोई डीलर अतिरिक्त छूट की पेशकश करता है तो वह जासूस इसकी सूचना सबूत के साथ कंपनी प्रबंधन को देता है। कंपनी इन सबूतों के आधार पर डीलरों को ईमेल के माध्यम से मिस्ट्री शॉपिंग ऑडिट रिपोर्ट भेजकर स्पष्टीकरण मांगती है। जवाब से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में कंपनी डीलर के साथ ही उसके अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर जुर्माना ठोकती है।

रालोद ने फूंका मंत्री भूपेंद्र चौधरी का पुतला

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी द्वारा बागपत में किसान मसीहा चौ. चरण सिंह पर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने से नाराज रालोद छात्र सभा ने मंत्री भूपेंद्र सिंह का पुतला फूंककर विरोध व्यक्त किया। इस दौरान छात्रों ने कैबिनेट मंत्री से इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से मांफी मांगे जाने की मांग की। रालोद छात्र सभा के बैनर तले पार्टी कार्यालय के बाहर होकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने आरोप लगाया कि बागपत में एक कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री द्वारा कथित रूप से चौधरी चरण सिंह को लेकर एक अमर्यादित टिप्पणी की थी। सोमवार को इसके विरोध में रालोद छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सार्थक लाटियान के नेतृत्व में दर्जनों छात्रों ने मुख्य मार्ग पर एकत्रित होकर जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। इसके बाद छात्रों ने कैबिनेट मंत्री के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए भूपेंद्र चौधरी के पुतले को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान मुख्य रूप से अरशद राणा, सरताज, आर्यन, सोनू मलिक, काजी फैज, मुकेश सैनी, वासु, अनिकेत, रजनीश आदि मौजूद रहे।

मांगे पूर्ण न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी-कर्मचारियों ने संविदा कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का निराकरण समय से नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार को नगर पालिका परिसर पर संपन्न हुई बैठक में जिला समिति व तीनों खंडों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। नगर पालिका प्रांगण में इस दौरान संपन्न हुई विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के जिला संरक्षक जगरोशन लाल ने मांग करते हुए कहा कि संविदा कर्मचारियों की आयु 55 वर्ष पूर्ण होने पर अब टीडीएस कंपनी द्वारा सेवानिवृत्ति की गई है, जो पूर्णतया श्रम विभाग के नियमों के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि विद्युत संविदा कर्मचारियों की वेतन भुगतान माह की 20 तारीख तक किया जाता है। माह की 7 तारीख तक अवश्यक रूप से भुगतान किया जाए। उन्होंने इस संबंध में एक ज्ञापन नुमाईश कैम्प कार्यालय नगरीय विद्युत वितरण मंडल अधीक्षण अभियंता को सौंपा। इस दौरान उन्होंने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि समय पर विद्युत संविदा कर्मचारी संघ की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो कर्मचारी आंदोलन करेंगे। इस दौरान जगरोशन लाल, गुलजार अहमद, मुकेश खुराना, सुशील त्यागी, जाहिद, खालिद, जहीर, संजीव, मोहित सागर, अशोक भटनागर, राजीव अली, नवनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

विद्यालयों का समय दो पालियों में करने के विरोध में धरना प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, २३ अगस्त (बुस.)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय आह्वान पर माध्यमिक शिक्षा अधिनियम के विरुद्ध सरकार द्वारा विद्यालयों का समय ८ घण्टे ३० मिनट, दो पालियों में किये जाने के विरोध में २५ अगस्त २०२१ को ११ बजे पूर्वाह्न जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मुजफ्फरनगर पर एक धरने का आयोजन किया गया है। शिक्षा अधिनियम में विद्यालयों का शीतकाल में विश्रान्ति काल छोड़कर ५ घण्टे २० मिनट तथा ग्रीष्म काल में ४ घण्टे ३५ मिनट चलाये जाने की व्यवस्था है। धरने के बाद १५ सूत्रीय मांगों से सम्बन्धित एक ज्ञापन मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश सरकार) को जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से ३ बजे अपराह्न प्रेषित किया जायेगा। अपनी उपलब्धियों एवं अपने आस्तित्व की रक्षा हेतु सभी जनपद के शिक्षकों/शिक्षिकाओं से निवेदन, १५ सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन में अपनी शत-शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करके सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में धरने को सफल बनाने की कृपा करें।

जाहरवीर गोगा म्हाड़ी पर दिन भर लगा भक्तों का रैला

-ढोल की थाप पर होता पूजन, लगती है दूध की धार -डोरी बांधकर लगाते हैं चने की दाल, प्याज व आटे का भोग

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। देशभर के साथ जनपद में शिव गोरख शक्ति जहारवीर गोगा की म्हाड़ी पर दूरदराज क्षेत्रों से आए सैंकड़ों महिला-पुरुष व बच्चों के रूप में पहुंचे श्रद्धालुओं ने छड़ी निशान को चढ़ाकर अपने घर-परिवार, बच्चों की खुशहाली की मन्नत मांगी। हालांकि कोरोना संक्रमण महामारी के चलते इस वर्ष भी शामली रोड स्थित म्हाड़ी समेत अन्य जहारवीर गोगा की म्हाड़ी पर मेले का आयोजन नहीं हो सका। इस बीच सुरक्षा के बीच श्रद्धालुओं ने गाइडलाइंस के पालन के बीच छड़ी निशान चढ़ाने के साथ भोग प्रसाद को चढ़ाकर मन्नते मांगी। नगर के शामली रोड स्थित शिव गोरख शक्ति जहारवीर की म्हाड़ी पर सोमवार की सुबह से ही बड़ी संख्या में छड़ी निशान व प्रसाद चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी, जो दोपहर बाद से सायं तक यूं ही लगातार बढ़ती रही। इस बीच जहारवीर गोगा की म्हाड़ी पर नगर के साथ दूरदराज क्षेत्रों से आए तमाम श्रद्धालुओं ने कोरोना की जारी गाइडलाइंस के बीच म्हाड़ी पर छड़ी निशान चढ़ाकर पूजा अर्चना की। मान्यता है जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से जहारवीर गोगा की म्हाड़ी पर छड़ी निशान चढ़ाकर मन्नत मांगते हैं, उनकी मन मांगी मुराद अवश्य पूरी होती है। म्हाड़ी पर नई विवाहित जोड़ों ने ढोल-नंगाड़ों के साथ म्हाड़ी पर पहुंच पूजा अर्चना कर छड़ी निशान चढ़ाए। इस दौरान भक्तों के द्वारा म्हाड़ी पर प्रसाद के रूप में दूध की धार के साथ ही ध्वजा पर डोरी बांधकर चने की दाल, प्याज और आटे का भोग लगा जहारवीर गोगा जी से घर परिवार की सुख-समृद्धि के साथ धन-धान्य की प्राप्ति की मन्नतें मांगी। देश में वैसे तो हर वर्ष जन्माष्टमी के अगले दिन यानि श्रावण माह की नवमी तिथि से जहारवीर गोगा महाराज की पूजा का दौर शुरू हो जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग अपने घरों में बाबा जहारवीर गोगा महाराज के थापे लगाने के साथ ही उनके चित्र के समक्ष कलावे की डोरी बांधकर पूजा अर्चना करते हैं। वहीं छड़ियों के भक्त श्रृंगार कर छड़ियां तैयार करते हैं। जन्माष्टमी के दूसरे दिन से छड़ियों को भक्त और निशानिए घर-घर लेकर जाते हैं, जहां पर लोग थापे वाली डोरी छड़ी पर बांधने के साथ ही धूप व दीपक जलाकर जाते हैं। इसके अलावा मत्था टेकने के साथ ही श्रद्धालु साबुत चने के अलावा चने की दाल, आटा, घी, प्याज और दक्षिणा चढ़ाकर बाबा का आशीर्वाद लेते हैं। बाद में जहारवीर बाबा गोगा की पूजा अर्चना के साथ कढ़ी-चावल के प्रसाद से परिवार व इष्टमित्रों के साथ ढ़ोल नंगाड़ों के साथ पूजा अर्चना करते हुए कंदूरी के रूप में भंडारे का आयोजन किए जाने की परम्परा है। नगर के शामली रोड स्थित जहारवीर गोगा की म्हाड़ी पर रक्षाबंधन से अगले दिन छड़ी चढ़ाए जाने के साथ पूजा अर्चना करते हुए दूध की धार, चने की दाल और साबुत चने के अलावा कटी प्याज और आटे का भोग लगाया जाता है। सोमवार को इस कड़ी में शामली रोड पर पूर्व में लगे बाहर की बैरिकेट्स को हटाकर मेले का आयोजन किया गया, लेकिन इस बीच मंदिर में प्रसाद व छड़ी चढ़ाने वालों की संख्या काफी रही। इस बीच सुरक्षा के बीच पुलिस बल ने शामली रोड की ओर जाने वाले तमाम भारी यातायात को डायवर्ट किए जाने के साथ जाम न लगे इसके प्रति सजग रहे। वहीं शामली रोड से कच्ची सड़क और अन्य स्थानों पर नीला झंडा रूपी छड़ी की नगर व नई मंडी क्षेत्र में जमकर बिक्री हुई। नगर मुख्यालय के अलावा चरथावल क्षेत्र के ग्राम दूधली, पुरकाजी, मोरना के साथ खतौली कस्बे में एक माह तक लगने वाला जहारवीर गोगा जी का मेला कोरोना महामारी के चलते मात्र औपचारिताओं में ही सिमट कर रह गया।

कस्बा इंचार्ज ने महिलाओं को दिए सुरक्षा टिप्स

बुढ़ाना, २३ अगस्त (बु.)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की योजना महिला शक्ति मिशन फेज-थ्री के अंतर्गत आज तीसरे दिन बुढ़ाना के कन्या जूनियर हाईस्कूल में पुलिसकर्मियों द्वारा यहां की कुछ महिलाओं से एक मीटिंग के दौरान संवाद किया गया तथा सभी को मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई। यहां पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज विजयपाल सिंह काजला ने महिलाओं को उनके अधिकार बताए और कहा कि अगर उनको किसी भी तरह की दिक्कत है, तो वें उनको बताएं। उन्होंने यहां पर सभी महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा की बाबत कुछ अहम जानकारी भी दी। उन्होंने महिला हेल्प नंबर- १०६०, १८१, १०७८ व १०७६ आदि की भी विधिवत जानकारी सभी महिलाओं को दी और कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा में हर समय तैयार है।

रूस में अफगानिस्तानी आतंकवादी नहीं चाहते: पुतिन

मॉस्को, 23 अगस्त (वार्ता)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अफगानिस्तान से लोगों को निकालने के विचार को खारिज करते हुए कहा कि वह नहीं चाहते कि आतंकवादी यहां शरणार्थी की आड़े में पहुंचें। रूसी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी।

मीरांपुर के गांव सिकंदरपुर में राशन डीलर के पुत्र की दबंगई का वीडियो वायरल

❑राशन लेने गए युवक को राशन देने से इनकार किया और मारपीट की ❑राशन डीलर का पुत्र अपनी मनमर्जी से देता है राशन

मीरांपुर, २३ अगस्त (बु.)। गांव सिकंदरपुर में राशन डीलर के यहाँ राशन लेने गए युवक को राशन डीलर के पुत्र ने राशन देने इंकार कर दिया। राशन नहीं देने का विरोध करने पर राशन डीलर के पुत्र ने दबंगई दिखाते हुए पीड़ित की पिटाई भी की। राशन डीलर के पुत्र की दबंगई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने डीएम से राशनडीलर की दुकान निरस्त करने की मांग की है। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी है। सोमवार को गांव सिकन्दरपुर में राशन की दुकान पर राशन वितरण का कार्य चल रहा था। इस दौरान गांव के ही दो युवक अबुल वफा पुत्र सैदा हसन व राशिद पुत्र जरीफ राशन डीलर ऊषा देवी के यहाँ राशन लेने आये थे। यहाँ राशन डीलर का दबंग पुत्र राशन वितरण कर रहा था। आरोप है कि राशन डीलर के पुत्र ने उन्हे राशन देने से इंकार कर दिया, जब उन्होंने राशन नहीं देने का कारण पूछा तथा राशन नहीं देने का विरोध किया, तो आरोप है कि राशन डीलर के पुत्र ने एक युवक अबुल वफा को थप्पड़ मार दिया। इस घटना की वीडियो दूसरे युवक राशिद ने अपने फोन से बना ली। इतना ही नहीं राशन डीलर के पुत्र ने दबंगई दिखाते हुए वीडियो बनाने वाले युवक के मोबाइल पर भी हाथ मारकर नीचे गिरा दिया तथा दोनों युवकों को पुनः उसकी राशन की दुकान पर नहीं दिखाई देने की धमकी भी दे डाली। राशन डीलर के पुत्र की इस दबंगई की घटना की पूरी वीडिय इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत आपूर्ति निरीक्षक से करते हुए राशन डीलर के विरुद्ध थाने तहरीर दी है, जब मामले पर आपूर्ति निरीक्षक से वार्ता करनी चाही, तो उन्होंने कई बार फोन मिलाने के बाद भी फोन रिसीव नहीं किया।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

बुढ़ाना, २३ अगस्त (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद मुजफ्फरनगर में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक बुढ़ाना संजीव कुमार द्वारा गठित थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा गुडवर्क किया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता शहीद पुत्र शहीदू निवासी मौहल्ला पश्चिमी पछाला कस्बा व थाना बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर बताया है। पुलिस ने आरोपी से जो बरामद किया है, उसमें २० पव्वे देशी शराब तौफा मार्का के बताए गए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी कैनरा बैंक वाली गली बुढ़ाना से की गई है। यह गिरफ्तारी पुलिस ने आज सोमवार को दोपहर बाद की है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में बुढ़ाना पुलिस चौकी प्रभारी विजय पाल सिंह काजला, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह और विवेक कुमार हैं। यह जानकारी बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार द्वारा मीडिया को दी गई है।

कच्ची शराब के साथ आरोपी दबोचा

कैराना, २३ अगस्त (बु.)। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक आरोपी को ५ लीटर कच्ची एवं अपमिश्रित शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जनपद पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव के आदेश अनुसार चलाई जा रही चेकिंग अभियान एवं गश्त के दौरान कैराना पुलिस ने एक युवक को शामली रोड के ५ लीटर कच्ची शराब एवं मिश्रित शराब के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के अनुसार पकड़े गए आरोपी युवक ने अपना नाम रामलाल पुत्र जनेश्वर निवासी गौशाला रोड़ मौहल्ला मनिहारान जनपद शामली बताया है। उधर पुलिस ने संबंधित धाराओं में चलानी कार्रवाई कर जेल रवाना किया है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में यूपी दूसरी पायदान पर

लखनऊ, 23 अगस्त (वार्ता)। व्यापार नीति में लचीलेपन के जरिये खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ा और दवा समेत अन्य व्यापारिक गतिविधियों को आसान करने में सफल उत्तर प्रदेश ने पिछले चार सालों के दौरान ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिग में 12 वें स्थान से छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यूपी के सिगल विंडो क्लियरेंस-निवेश मित्र पोर्टल ने इसमें अहम भूमिका अदा की है। योगी सरकार के कार्यकाल में 46 जिलों में 215 उद्योग लगे हैं और इन उद्योगों में से 1,32,951 लोगों को रोजगार मिला है। उन्होने बताया कि जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की ओर से आयोजित संगोष्ठी में बंगलुरु के उद्यमी संजीव निशट्टल ने कहा कि यूपी के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में 2018 में आयोजित हुए इंवेस्टर्स समिट में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

सोमवार से शुरू हुआ घरों में गीता पाठः अतुल गर्ग

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। श्री जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर जीओ गीता श्री कृष्ण कृपा परिवार के द्वारा गीता पाठ सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महा मंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा संचालित जीओ गीता श्री कृष्ण कृपा परिवार के महामंत्री अतुल कुमार गर्ग ने बताया कि जीओ गीता श्री कृष्ण कृपा परिवार व जीओ गीता युवा चेतना द्वारा जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस कड़ी में 23 से 30 अगस्त तक होने वाले इन कार्यक्रमों में संस्था से जुड़े सभी परिवारों में प्रतिदिन गीता जी के द्वारा हवन, गीता पाठ, भागवत स्तुति के पाठ, गुरू मन्त्र का जाप का सामूहिक आयोजन प्रारंभ हो गया हैं। उन्होंने कहा कि सभी परिवार अपने घरों पर श्रद्धापूर्वक इन कार्यक्रमों को करके सभी कष्टों को अपने से दूर भगाने का प्रयास कर सकते हैं।

खराब टायर, ट्यूब के माध्यम से १० फीट ऊंची आकर्षक और विशाल मूर्ति का निर्माण किया

मुजफ्फरनगर, २३ अगस्त (बुस.)। श्रीराम कॉलेज के ललित कला विभाग के मेधावी विद्यार्थियों द्वारा खराब टायर, टयूब के माध्यम से १० फीट ऊची आकर्षक और विशाल मूर्ति का निर्माण किया। ललित कला विभाग के विशाल सरन और अविनाश को इस मूर्ति का निर्माण

अफगानियों ने दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय पर किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली, 23 अगस्त (वार्ता) अफगानिस्तान के नागरिकों ने शरणार्थी का दर्जा देने के साथ ही रोजगार एवं आवास की सुविधा देने की मांग को लेकर सोमवार को यहां संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। राजधानी दिल्ली के वसंत विहार कार्यालय पर आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूषों के अलावा मासूम बच्चे शामिल हुए। हाथों में अपने देश का झंडा लिये आंदोलनकारी 'वी वांट फ्यूचर' के नारे के साथ भारत या किसी अन्य देश में शरण देने के साथ ही रोजगार, आवास एवं सुरक्षा की मांग कर थे। कोरोना के मद्देनजर चेहरे पर मास्क लगाने के अलावा अन्य दिशानिर्देशों का पालन करते हुए इन लोगों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की वापसी के मामले में जल्दीबाजी की गई, जिससे वहां के हालात बेकाबू हो गये। इस मामले में वहां के हालात का सही आंकलन नहीं किया गया। इसका खामियाजा उनके मासूम बच्चों को भी भुगतना पड़ रहा है जिसका उनका भविष्य खतरे में पड़ गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान के हालात के मद्देनजर यूएनएचआरसी कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और वहां के नागरिकों को समुचित सुरक्षा दी जा रही है।

लूटी गई नकदी व शस्त्रों समेत दो लुटेरे दबोचे

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। छपार पुलिस ने कथित मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरों को शस्त्रों व लूटी गई नकदी, बाइक व स्कूटी सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस स्कूटी सवार दो बदमाशों ने छपार थाना क्षेत्र में खामपुर मोड़ पर एक व्यक्ति से लूटपाट की थी। पीड़ित द्वारा पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लुटेरों की तलाश में भागदौड़ की। पुलिस ने स्कूटी सवार बदमाशों को देखकर उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए दोनों बदमाशों को दबोच लिया। उनके पास से एक तमंचा, कारतूस, चाकू, लूटी गई नकदी, पीड़ित का आधार कार्ड व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाश अक्षय पुत्र नरेश निवासी सिंभालकी व संदीप पुत्र भोपाल निवासी कोलाहेड़ी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

गौवंश तस्करों की सूचना पर गाड़ी पकड़ी, आरोपी फरार

मुजफ्फरनगर, २३ अगस्त (बु.)। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने गांव तिगरी रजबाहे की पुलिया पर चेकिंग के दौरान गोवंश तस्करों की सूचना पर एक पिकअप गाड़ी को रोका। इंस्पेक्टर अनिल कपरवान ने बताया कि पुलिस टीम को देखते ही पिकअप में मौजूद बदमाश गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बरामद गाड़ी की तलाशी ली, तो उसमें से पशु कटान के उपकरण बरामद किए गए। मामले में पुलिस ने अपनी ओर से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की चिन्हित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

नहीं मिला कोरोना पॉजिटिव, दो मरीज किए डिस्चार्ज

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। जनपद में सोमवार को कोरोना का कोई नया मरीज नहीं मिला है। वहीं दो संक्रमितों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठीक होने की पुष्टि किए जाने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। अब जनपद में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या मात्र एक ही रह गयी है। कोरोना से अभी तक जनपद में 269 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सोमवार को आरटीपीसीआर से जनपद में कुल 583 लोगों के कोरोना टेस्ट कराए गए, जिसमें राहत की बात यह रही कि उक्त सभी लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आयी है। इसके अलावा एंटीजन टेस्ट, प्राइवेट लैब, अन्य जनपद से भी कोरोना का कोई नया मरीज नहीं मिला है। उधर, जनपद में सोमवार को दो संक्रमितों को ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है, जिसके बाद कोरोना के जनपद में एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर मात्र एक रह गयी है। जनपद में अब तक कोरोना से 269 लोगों की मौत हो चुकी है। जनपद में अभी तक कोरोना के 30648 मरीज मिल चुके हैं, जिसमें से 30378 संक्रमितों को ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है।

शैली सिंह को लम्बी कूद में रजत, भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नैरोबी, 23 अगस्त (वार्ता) भारत की शैली सिंह ने विश्व अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को महिला लम्बी कूद स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया। वह 6.59 मीटर की अपनी छलांग के साथ मात्र एक सेंटीमीटर से स्वर्ण विजेता स्वीडन की माजा अस्काज से पीछे रह गयीं। इस संस्करण से पहले तक भारत के विश्व जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चार पदक थे लेकिन भारत ने लगभग उस संख्या की इस बार बराबरी कर ली है। इससे पहले डिस्कस थ्रोअर सीमा अंतिल ने 2002 और नवजीत कौर ढिल्लों ने 2014 ने कांस्य पदक और भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने 2016 में और 400 मीटर की धाविका हिमा दास ने 2018 में स्वर्ण पदक जीते थे। शैली सिंह का रजत पैदल इस चैंपियनशिप में तीसरा पैदल है। भारत की चार गुना 400 मीटर मिक्स्ड रिले टीम ने इस बार कांस्य पदक और अमित खत्री ने पुरुषों की 10 हजार मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीते थे। भारत पदक तालिका में 21वें स्थान पर रहा। एक भी स्वर्ण पदक भारत को तालिका में टॉप 15 में ले आता। शैली ने फ़ाइनल में दो जम्प 6.34 मीटर की लगाई, लेकिन तीसरे राउंड में 6.59 मीटर की छलांग के साथ वह बढ़त पर आ गयीं। हालांकि इसमें उन्हें हवा से भी थोड़ी मदद मिली। स्वीडन की मारा अस्काज ने अपने चौथे प्रयास में शैली को मात्र एक सेंटीमीटर से पीछे छोड़ दिया। शैली ने अगली दो जम्प में स्वीडिश एथलीट की बराबरी पर आने की भरपूर कोशिश की लेकिन उनके अगले दो प्रयास फ़ाउल रहे और आखिरी प्रयास 6.37 मीटर का रहा। इससे पहले डोनाल्ड मकिरमैराज अपने पांचवें प्रयास में 15.82 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य जीतने वाले फ़्रांस के साइमन गोर के प्रदर्शन से मात्र तीन सेंटीमीटर पीछे रह गए। भारतीय महिला चार गुना 400 मीटर रिले टीम 3:40.45 का समय लेकर चौथे स्थान पर रही जबकि अंकिता ध्यानी महिला 5000 मीटर दौड़ में 17:17.68 का समय लेकर छठे स्थान पर रही।

किसान आंदोलन की जद में आया मुजफ्फरनगर जनपद, किसान आंदोलन के चलते शालीमार-सुपर फास्ट ट्रेनें रद्द

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। किसानों द्वारा हरियाणा और पंजाब में रेल रोको आंदोलन का असर जिले में सोमवार को स्पष्ट रूप से उस वक्त देखने को मिला, जब आंदोलन के बीच उत्तर रेलवे को हरियाणा-पंजाब आने जाने वाली विभिन्न ट्रेनों को रद्द करना पड़ा। आंदोलन की इस कड़ी में मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली शालीमार एक्सप्रेस और अमृतसर-जलंधर एक्सप्रेस को भी रद्द करना पड़ा। दोनों एक्सप्रेस ट्रेनों के अचानक रद्द किए जाने के निर्णय से आज मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर पंजाब और हरियाणा समेत अन्य स्थानों को आने जाने वाले तमाम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोमवार को हरियाणा-पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन का असर अब मुजफ्फरनगर में साफ दिखाई देने लगा है। बीते करीब 8 माह से हरियाणा में कृषि बिल की वापसी को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है। इस का नतीजा है कि सोमवार को हरियाणा और पंजाब में विभिन्न जिलों में रेलवे ट्रेक पर किसानों ने कब्जा करते हुए ट्रेनों को रोक कर किसानों ने धरना प्रदर्शन कर दिया। इस दौरान मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से हरियाणा-पंजाब जाने वाली मुख्य ट्रेनों में शालीमार और सुपर फास्ट अमृतसर जलंधर एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया गया। इस संबंध में रेलवे स्टेशन मास्टर विपिन कुमार त्यागी ने बताया कि सोमवार को हरियाणा और पंजाब को जाने वाली दो ट्रेनों को रेलवे द्वारा सुरक्षा कारणों के बीच रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि

शालीमार ट्रेन मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर सुबह 8.05 बजे और शाम को 7.35 बजे पहुंचती है, जो रद्द रही। वहीं सुपर फास्ट अमृतसर-जलंधर एक्सप्रेस ट्रेन जो मुजफ्फरनगर रेलवे सटेशन पर सुबह 10.05 बजे दिल्ली की ओर तथा शाम 5.10 बजे दिल्ली से सहारनपुर की ओर जाने के लिए स्टेशन पहुंचती है। सोमवार को ये दोनों ट्रेने रद्द रही, जिसके चलते रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड रही। इस दौरान सहारनपुर, जालंधर, अमृतसर व अंबाला समेत दिल्ली, नोयडा, गाजियाबाद समेत अन्य क्षेत्रों की ओर जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मेरठ में सड़क हादसे में चार की मौत

मेरठ, 23 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मेरठ में दिल्ली हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत चार लोगों की मृत्यु हो गई जबकि दो घायल हो गये। घायलों को यहां जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर रुहासा गांव के पास होंडा सिटी कार और स्कूटी की टक्कर हो गई जिसमें स्कूटी सवार युवक और महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई जिसमें सवार चार युवक घायल हो गये। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। स्कूटी सवार युवक की जेब से मिले लाइसेंस के आधार पर उसकी शिनाख्त गाजियाबाद के विजय नगर निवासी शाहिद के रूप में हुई जबकि महिला की पहचान नहीं हो सकी। कार में मेरठ निवासी रजत, अर्जुन, विरेन्द्र और सुरेन्द्र सवार थे जिनमें से रजत और अर्जुन ने आज तड़के उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

सरकुलर रोड पर क्रान्ति सेना के जिला महासचिव से हुई ४५ हजार की लूट के बाद जांच करने पहुंची पुलिस। -फोटो बुलेटिन

अब सरकारी दुकानों से नहीं मिलेगा राशन

नई दिल्ली, 23 अगस्त (नेट)। राशन कार्ड का इस्तेमाल करने वालों के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। विभाग सरकारी राशन की दुकानों से राशन लेने वाले पात्र लोगों के लिए मानक में बदलाव कर रहा है। मानक बदलने का प्रारूप लगभग फाइनल हो गया है। इस संबंध में राज्यों के साथ कई दौर की बैठक भी हो चुकी है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अनुसार, इस समय देशभर में 80 करोड़ लोग नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट का लाभ उठा रहे हैं। इनमें कई लोग ऐसे भी हैं जो आर्थिक रूप से संपन्न हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक वितरण मंत्रालय मानकों में बदलाव करने जा रहा है। इस संबंध में खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव सुधांशु पांडेय ने बताया कि मानकों में बदलाव को लेकर पिछले छह माह से राज्यों के साथ बैठक की जा रही है। राज्यों द्वारा दिए गए सुझाव को शामिल करते हुए पात्रों के लिए नए मानक तैयार किए जा रहे हैं। इस महीने ये मानक फाइनल कर दिए जाएंगे। नए मानक लागू होने के बाद केवल पात्र व्यक्तियों को ही लाभ मिलेगा, अपात्र लोग लाभ नहीं पा सकेंगे। यह बदलाव जरूरतमंदों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के मुताबिक अब तक 'वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना' दिसंबर 2020 तक 32 राज्यों और यूटी में लागू हो चुकी है। करीब 69 करोड़ लाभार्थी यानी एनएफएसए के तहत आने वाली 86 फीसदी आबादी इस योजना का लाभ ले रही है। प्रति माह करीब 1.5 करोड़ लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर भी लाभ ले रहे हैं।

केबीसी-13 के पहले एपिसोड में किसान नेता राकेश टिकैत से जुड़े इस सवाल पर हुआ बवाल

नई दिल्ली, 23 अगस्त (नेट)। कौन बनेगा करोड़पति के13वें सीजन की शुरुआत हो गई है। कुछ बदले हुए नियमों के साथ नए सीजन की शुरूआत हो गई है। रांची के ज्ञान राज इस सीजन के पहले प्रतियोगी रहे हैं। हालांकि उनकी किस्मत ने ज्यादा साथ नहीं दिया और गलत जवाब देकर जीते हुए 3 लाख 20 हजार रुपये गंवा दिए। ज्ञान राज ने 11 सवालों का जवाब देकर 6 लाख 40 हजार जीत लिए थे, लेकिन अगले सवाल यानि 12 लाख 50 के सवाल पर उन्होंने गलत जवाब दिया और वो 3 लाख 20 हजार रुपये ही जीत सके। प्रोमो में बिग बी शो के पहले कंटेस्टेंट से परिचय करते हैं और बताते हैं कि हॉट सीट पर बैठने वाले पहले कंटेस्टेंट झारखंड के रहने वाले हैं। वह एक युवा विज्ञान शिक्षक हैं जो राज्य के बच्चों को रोबोटिक्स और ड्रोन सिखाते हैं। अमिताभ ने उनकी सराहना करते हुए यह भी बताया कि वह पीएसए के उन 100 युवा वैज्ञानिकों में से एक हैं, जिन्हें माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुझाव देने के लिए चुना गया है।दरअसल, सोशल मीडिया पर केबीसी

के पहले ही एपिसोड में पूछे गए एक सवाल पर बवाल हो गया है। ज्ञान राज से किसान आंदोलन को लेकर एक सवाल पूछा गया। जिसके बाद लोगों ने इस सवाल पर ऐतराज़ जताया है। राकेश टिकैत से जुड़े सवाल को लेकर पूछे गए सवाल पर कई तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही है।

क्रान्ति सेना के महासचिव से 45 हजार रुपये की लूट

मुजफ्फरनगर,23 अगस्त (बु.)। आज दिनदहाड़े कथित तौर पर तीन बाइकों पर आए बदमाशों ने क्रांति सेना के महासचिव को रोक कर 45 हजार की नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी भागदौड़ की, लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाशों को तलाशने में जुटी है। पुलिस ने अभी तक इस संबंध में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के वसुंधरा कॉलोनी निवासी देवेंद्र चौहान क्रांति सेना के महासचिव हैं। देवेंद्र चौहान का कहना है कि आज दोपहर वे मंसूरपुर से 45 हजार रुपये लेकर गाड़ी की किस्त जमा कराने के लिए जा रहे थे। जब वे सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सर्कुलर रोड पर एमजी पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचे, तभी तीन बाइकों पर आए 5 बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और हथियारों के बल पर उनसे 45 हजार रुपये और उनका मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। देवेंद्र चौहान ने घटना की सूचना अपने संगठन के पदाधिकारियों और पुलिस को दी। दिनदहाड़े लूट की खबर मिलने से पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से घटना की जानकारी ले कर बदमाशों की तलाश में भागदौड़ की, लेकिन पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

सड़क हादसों में कई हुए घायल

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। शाहपुर रोड पर हुए सड़क हादसे में महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। भोपा क्षेत्र में भी एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहपुर क्षेत्र में इंटर कॉलेज के पास हुए सड़क हादसे में शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव वहलना निवासी कविता पत्नी सूशील, रानी पत्नी बबलू, 10 वर्षीय लविश पुत्र सूशील, अशोक पुत्र बुद्धू व सुशील पुत्र बाबूराम गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा भोपा निवासी 12 वर्षीय रविन्द्र को गंभीर घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ट्रेन की चपेट में आकर किसान की मौत, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

शामली, २३ अगस्त (बु.)। आदर्श मंडी के गांव सिलावर निवासी एक किसान की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गयी। सूचना मिलते ही आदर्श मंडी पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किसान की मौत से परिजनों में भी शोक छाया हुआ है। जानकारी के अनुसार आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव सिलावर निवासी ६७ वर्षीय किसान रणवीर सिंह पुत्र जयमल सोमवार की सुबह अपने खेत पर काम के लिए जा रहा था, जब वह रेलवे लाइन पर पहुंचा, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पटरी पर गिर गया। इसी दौरान सहारनपुर से दिल्ली जा रही ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। आसपास मौजूद किसानों ने मामले की सूचना आदर्श मंडी पुलिस व मृतक के परिजनों को दी, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं सूचना पर आदर्श मंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी तथा शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों ने बताया कि रणवीर सिंह को कम सुनाई देता था, सोमवार की सुबह वह खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस ने शस्त्रों समेत 3 शातिर बदमाश दबोचे

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन शातिर अपराधियों को अवैध शस्त्रों सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अलग-अलग मामलों में तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें खालापार निवासी नदीम पुत्र शमशाद के पास एक तमंचा और कारतूस, रहमानिया कॉलोनी निवासी ज़ुल्फिकार उर्फ जुल्लू के पास से एक चाकू व खालापार निवासी फिरोज पुत्र यामीन के पास से एक चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

स्वास्थ्य विभाग का वृहत टीकाकरण अभियान आज, जनपद में कुल 68 स्थानों पर लगेगी प्रथम व दूसरी डोज

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। कोरोना वैक्सीन की कई दिनों से डोज के टोटे से जूझ रहे स्वास्थ्य विभाग को सोमवार को मिली बड़ी खेप से सक्रियता बढ़ गई है। इसके चलते मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने जिले में फिर से 68 केंद्रों पर लोगों को कोरोना वैक्सीनेशन अभियान से जोड़ने का संकल्प दोहराया है। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी सूची में जिला पुरुष व महिला चिकित्सालय समेत नगर के 8 केंद्रों पर जहां लोगों को कोरोना का टीका लगाने की तैयारी की है, वहीं जनपद में विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ 60 स्थानों को कोरोना वैक्सीनेशन लगाए जाने की तैयारी की है। जनपद में 3 दिनों में वैक्सीनेशन ठीक रहा, लेकिन बीते तीन दिन वैक्सीन की कमी के चलते टीकाकरण का जिले में आंकडा एक बार जो कम रहा, वह सोमवार को भी जारी रहेगा। इस बीच सोमवार को 19 केंद्रों पर वैक्सीनेशन अभियान शुरू हो सका, जिसका मुख्य कारण वैक्सीन डोज की कमी थी। अब फिर से जनपद में वैक्सीनेशन की बड़ी खेप आने के बाद जिले में स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी किए जाने के साथ 68 केंद्रों पर आज टीकाकरण करने की योजना की है। पूर्व में स्वास्थ्य विभाग को उम्मीद थी कि बीते रविवार को वैक्सीन की नई खेप मिलने पर सोमवार को टीकाकरण फिर से रफ्तार पकडेगा, लेकिन रविवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए वैक्सीनेशन केंद्रों की जारी सूची में सोमवार को मात्र 19 स्थानों पर वैक्सीनेशन किया गया, जो मंगलवार को फिर गति पकड़ने की तैयारी में है। जिले में जारी उक्त सूची में जिला पुरुष चिकित्सालय में को-वैक्सीन व शेष तमाम 8 वैक्सीनेशन केंद्रों पर कोविशील्ड की प्रथम और दूसरी डोज लगाई जाएगी। वहीं जिले में जारी कोरोना वैक्सीनेशन के अभियान के तहत नौ लाख से अधिक लोगों को अब तक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है, जो जनपद के लिए बड़ी उपलब्धि है। मंगलवार को फिर से वृहत स्तर पर शुरू होने वाले अभियान से वैक्सीनेशन का आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद जगी है, जो कोरोना की तीसरी लहर में कारगर साबित होगी।

खतौली पुलिस ने चोरी की नगदी, लैपटॉप, मोबाइल व बाइक समेत तीन कुख्यात पकड़े

खतौली, २३ अगस्त (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशानुसार अपराधियों पर निरंतर कहर ढहा रही कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना के मात्र चौबीस घण्टे पश्चात तीन कुख्यात बदमाशों को मकान से चोरी की गयी नगदी सहित अन्य कीमती सामान व तमंचे सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीओ राकेश सिंह व प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह के कुशल निर्देशन में विगत लम्बे अन्तराल में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को निरंतर मिल रही सफलता से पुलिस कर्मियों में भारी उत्साह बना दिखाई पड़ रहा है। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे इस अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह, उपनिरीक्षक सुदेशराज सहित अरविन्द, विकेश कुमार, सचिन, मनवीर सिंह व रविन्द्र सिंह पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान अलकनंदा गंगनहर पुल के निकट मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर चोरों फरमान पुत्र अनवर निवासी दरोगा की कोठी महफूज मस्जिद खालापार मुजफ्फरनगर अहमद पुत्र सलीम निवासी थानेश्वर महादेवालय मंदिर रोड बुढ़ाना रोड कस्बा खतौली तथा जुनैद पुत्र युसुफ निवासी मौहल्ला इस्लामनगर कस्बा खतौली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से गत २१ अगस्त की रात्रि को नगर के मौहल्ला लाल मौहम्मद निवासी अफजल अहमद पुत्र इकबाल अहमद के मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए चोरी किये गये १९०० रुपयों की नगदी, एक लैपटोप, तीन मोबाईल सहित एक थैले से चोरी के काजू बरामद किये गये हैं। थैले से मिले मैवों के सम्बन्ध में अभियुक्तों द्वारा गत १६ अगस्त की मध्य रात्रि को जनपद कोतवाली क्षेत्र के खालापार क्षेत्र की एक दुकान से चोरी करना कबूल किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पुलिस द्वारा एक तमंचा, कारतूस व दो चाकू सहित एक स्पलेण्डर प्लस काले रंग की बाईक भी बरामद हुई है। कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार फरमान के विरुद्ध जनपद क्षेत्र के कोतवाली में लगभग दो दर्जन अभियोग दर्ज है, वहीं अहमद व जुनैद के खिलाफ भी मुजफ्फरनगर व खतौली कोतवाली में अनेक मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाली पुलिस द्वारा नगर के मौहल्ला लाल मौहम्मद में हुई चोरी की घटना का मात्र २४ घण्टे में पर्दाफाश कर चोरों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किये जाने पर नगर क्षेत्र के लोगों द्वारा कोतवाली पुलिस की जमकर सराहना की जा रही है।

जनपद की नौ पी.एच.सी. को कायाकल्प अवार्ड, पीएचसी पुरकाजी मंडल में अव्वल

मुजफ्फरनगर, २३ अगस्त (बु.)। जनपद के नौ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ एंडवेलनेस सेंटर (पीएचसी) बुढ़ाना, पुरकाजी, मोरना, छपार, बघरा, घासीपुरा, मौहम्मदपुर, तुगलकपुर, सिकंदरपुर को कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत वर्ष २०२०-२१ का पुरस्कार मिला है। पीएचसी पुरकाजी जिले में पहले स्थान पर है। पुरकाजी पीएचसी को ८१.८० अंक प्राप्त हुए हैं। इसे पुरस्कार के रूप में दो लाख रुपये मिलेंगे जबकिबाकी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पीएचसी को ५०-५० हजार रुपये मिलेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की मिशननिदेशक अपर्णा उपाध्याय द्वारा प्रदेश के ७५ जिलों से कायाकल्प अवार्ड के लिए चुने गये २९५ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची जारी की गयी है। प्रदेश स्तर पर पुरस्कार मिलने परस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में खुशी का माहौल है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. महावीर सिंह फौजदार ने बताया- कायाकल्प अवार्ड योजना में पुरकाजी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का नाम चमका है। पीएचसी पुरकाजी को पहले भी कायाकल्प अवार्ड मिल चुका है, जिसके बाद सहारनपुर मंडल में पीएचसी पुरकाजी पहलेस्थान पर रही है। उन्होंने बताया-सरकार ने सभी चिकित्सा इकाइयों में स्वच्छता व्यवस्था के सुढ़ीकरण के लिए वर्ष २०१५ में कायाकल्प अवार्ड की शुरुआत की थी। उन्होंने बताया जिला अस्पताल, उप-विभागीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के तहत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, जो उच्च स्तर की स्वच्छता, साफ-सफाई एवं संक्रमण पर नियंत्रण और बेहतर चिकित्सा सुविधा के मूल्यांकन में खरे उतरते हैं, उन्हेंकायाकल्प अवार्ड दिया जाता है। इसमें चिकित्सा इकाई पर रोगी की संतुष्टि का भीमूल्यांकन किया जाता है। डिस्ट्रिक क्वालिटी कंसलटेंट इफितखार अली अंसारी ने बताया- हालांकि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ाना पीएचसी ने ८२.०५ अंक हांसिल किये हैं जबकि पुरकाजी पीएचसीने ८१.८० अंक, फिर भी पुरकाजी सीएचसी जिले में प्रथमस्थान पर है क्यों कि पिछले वर्ष के स्कोर में पांच प्रतिशत की वृद्धि का मानदंडपूरा न किये जाने के कारण पीएचसी बुढ़ाना ८२.०५ प्रतिशत अंक के बावजूद दूसरे स्थानपर रही। मोरना ने ७६.८० अंक और हेल्थ एंड वेलनेस सैंटर (पीएचसी) छपार ने ७६.४० अंक, बघरा पीएचसी ने ७८.४० अंक, हेल्थ एंड वेलनेस सैंटर (पीएचसी) घासीपुरा (बोपाड़ा) को ७७.६५ अंक, हेल्थ एंड वेलनेस सैंटरमौहम्मदपुर ने ७५.६५ अंक, पीएचसी तुगलकपुर (शेरपुर) ने ७३.६०अंक, हेल्थ एंड वेलनेस सैंटर (पीएचसी) सिकंदरपुर ने ७३.४०प्राप्त किये हैं। उन्होंने बताया केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार अवार्ड के लिए प्राविधानित धनराशि का ७५ प्रतिशत चिकित्सालय के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैन्डर्ड एवं कायाकल्प अवार्ड स्कीम के अंतर्गत चिह्नित गैपक्लोजर, सुदृढ़ीकरण, रख-रखाव, स्वच्छता व्यवस्था इत्यादि सुनिश्चित किये जाने केलिए उपयोग किया जाता है, जिससे चिकित्सालय के स्कोर में वृद्धि हो सके। शेष २५ प्रतिशत धनराशि चिकित्साइकाइयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स के उत्साहवर्धन के लिए इंसेंटिव के रूप में दी जाती है। अवार्डविजेता चिकित्सा इकाई को अवार्ड धनराशि में से इंसेंटिव धनराशि का उपयोगचिकित्सालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कैश अवार्ड, क्षमतावृद्धि के लिए प्रशिक्षण, चिकित्सालय में कर्मचारियों के कार्यस्थल पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक गतिविधियों पर नियमानुसार व्यय कियाजाता है।उन्होंने बताया कायाकल्प अवार्ड स्कीम के अंतर्गतप्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का तीन चरणों में इंटरनल, पियरएवं एक्सटर्नल असेसमेंट कार्य पूर्ण किया जाता है। वर्ष २०२०-२१ में कोविड १९ को देखते हुए केन्द्र सरकार के निर्देशन के क्रम में दो सदस्यीय टीम द्वारा एक्सटर्नल असेसमेंट वर्चुअल प्लेट फार्म के माध्यम सेकराया गया।

काबुल से निकाला जा रहा है 46 अफगानी सिखों और हिन्दुओं को

काबुल/नयी दिल्ली 23 अगस्त (वार्ता) इंडियन वर्ल्ड फोरम के अध्यक्ष पुनीत सिह चंडोक ने सोमवार को कहा कि भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक विमान से कुछ भारतीय नागरिकों के साथ 46 अफगान हिंदुओं और सिखों को काबुल से सुरक्षित निकाला जा रहा है। श्री चंडोक ने कहा कि अफगानिस्तानी सिख और हिंदु अपने साथ तीन श्री गुरु ग्रंथ साहिब (सिख पवित्र ग्रंथ) लाए हैं। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार विशेष रूप से विदेश मंत्रालय और भारतीय वायु सेना के अथक प्रयासों से वहां फंसे हुए 46 अफगान हिंदु और सिख अपने साथ तीन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के साथ काबुल हवाई अड्डे पर होने की पुष्टि करता हूं। उन्होंने कहा गठबंधन बलों द्वारा उन्हें काबुल के हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारतीय वायु सेना के विमान की ओर ले जाया जा रहा है और उन्हें वहां से सुरक्षित निकाला जाएगा। उन्